**सुविचार**
अगर कुछ गलत हो रहा है तो उससे भागने की बजाए उसे ठीक करें तभी आगे बढ़ पाएंगे।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 08 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 203 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
सनी लियोन ने की अनुराग कश्यप की...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,953.48 |
| निफ्टी | : | 19,597.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,650 |
| चांदी | : | 78.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## पांचवीं सोमवारी को बाबा मंदिर में सुलभ जलार्पण



**DEOGHAR :** मलमास की तीसरी और श्रावणी मेला की पांचवी सोमवारी पर 7 अगस्त को बाबा वैद्यनाथ के दरबार में एक लाख कांवरिये पहुंचे। हांलाकि यह भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। सुबह 3 बजे मंदिर में सरदारी पूजा के तुरंत बाद बाबा का पट आम भक्तों के लिए खोल दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अरघा के माध्यम से बाबा पर जल अर्पण शुरू किया। इस दौरान देवघर के डीसी, एसपी और देवघर एसडीओ रूट लाइन और मंदिर में मौजूद रहे। इधर, रविवार की देरात से ही जलार्पण की कतार लगने लगी थी। कांवरियों की भीड़ के कारण यह कतार बीएड कॉलेज तक पहुंच गई थी। हालांकि बेहतर व्यवस्था की वजह से दोपहर बाद कतार लगातार छोटी होती गई।

## सेना ने पुंछ में दो घुसपैठियों को मार गिराया

**POONCH :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर सोमवार को सेना ने घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने आज सुबह दी। उन्होंने कहा कि मध्य रात्रि सेना ने भारतीय सीमा पर दो घुसपैठियों को देखा। जवानों ने उन्हें वापस लौटने को कहा। वह नहीं माने और भारतीय सीमा की तरफ बढ़ते रहे। इस दौरान सेना ने गोलीबारी कर एक आतंकवादी को मार गिराया और दूसरे ने वापस भागने की कोशिश की। वह उलझ गया और मारा गया। नियंत्रण रेखा के पास उसे गिरते हुए देखा गया।

## बिहार में जातीय गणना फिलहाल रहेगी जारी

**PATNA :** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार के जाति-आधारित सर्वेक्षण को बरकरार रखने के पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी है। याचिका एनजीओ 'एक सोच एक प्रयास' की ओर से दायर की गई थी। अब 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी। लाइव लॉ के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जनगणना का 80% काम पूरा हो चुका है।

# दिल्ली सर्विस बिल पर राज्यसभा में जोर आजमाइश

## बीजद और वाईएसआर कांग्रेस ने किया समर्थन, मोदी सरकार का पलड़ा भारी

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक- 2023 को राज्यसभा में पेश किया। दिल्ली में तबादले और नियुक्तियों से संबंधित विधेयक को लोकसभा गुरुवार को ही पारित कर चुकी है। राज्यसभा में पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह इससे जुड़े अध्यादेश का स्थान लेगा। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली एक राज्य नहीं है और कैसे एक केन्द्र शासित प्रदेश की सरकार की ताकत केन्द्र सरकार से ज्यादा हो सकती है। दुनिया में कहीं इसका उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है और दिल्ली का अपना कोई कैडर नहीं है। ऐसे



राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पेश करते गृह मंत्री अमित शाह ● एजेंसी

में उन अधिकारियों के तबादले का अधिकार दिल्ली सरकार को नहीं दिया जा सकता है। त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में संसद के अधिकार बनाने का समर्थन किया है।

आम आदमी पार्टी पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने कई मुद्दों पर राजनीति की शुरूआत की थी लेकिन वह सभी मुद्दों से पीछे हट गई। पार्टी ने अपने संविधान में तीन साल के लिए अध्यक्ष और दो बार के लिए अध्यक्ष की बात कही थी लेकिन उसमें बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित के घर में लगे 10 एसी पर आपत्ति जताने वाले केजरीवाल के घर में आज 15 बाथरूम हैं। उन्होंने कहा कि मामले में अध्यादेश लाने का फैसला इसलिए किया गया, क्योंकि सरकार ने सतर्कता विभाग में हस्तक्षेप शुरू कर दिया। इससे भ्रष्टाचार के मामलों में कार्यवाही प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ कि मुख्य सचिव ने अपने साथ बदसलूकी की शिकायत की हो और वह बदसलूकी भी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में की गई हो। इससे पहले कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने विधेयक को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रावधान संवैधानिक मूर्खता से भरे हैं, जो बाद में सुप्रीम कोर्ट में टिकेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली एक म्यान में दो तलवारें नहीं है बल्कि तलवार और म्यान दोनों उपराज्यपाल के पास हैं।

# न्यूक्लियस मॉल : ईडी से रिपोर्ट तलब

## जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल का प्लान गलत ढंग से स्वीकृत किए जाने, पार्किंग स्पेस की कमी, सिनेमा हॉल एवं विमेंस कॉलेज से 200 यार्ड से कम की दूरी रहने आदि को लेकर दाखिल पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के खिलाफ चल रहे मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी संख्या 9 यानी विष्णु अग्रवाल की पत्नी की ओर से वकालतनामा दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 11 सितंबर निर्धारित की है। मामले में रांची नगर निगम की





ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। वहीं प्रतिवादी विष्णु अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं प्रेरणा झुनझुनवाला ने पैरवी की।

सोमवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से बताया गया कि जमीन फर्जीवाड़ा मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया है। साथ ही उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया है कि लालपुर में जो न्यूक्लियस मॉल बना है वह नियमों के अनुकूल नहीं बना है।

### विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि चार दिन और बढ़ी

**RANCHI :** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान ईडी की ओर से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए विष्णु अग्रवाल को फिर से सात दिनों की रिमांड दिए जाने का कोर्ट से आग्रह किया गया। ईडी के रिमांड मांगे जाने का विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। लेकिन ईडी की ओर से मौजूद विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अदालत को बताया कि जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं और उनसे पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

# नूंह में बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## अदालत ने लिया स्वतः संज्ञान

**AGENCY NUH :** हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद प्रशासन की ओर से जारी बुलडोजर अभियान को हाईकोर्ट के आदेश के बाद रोक दिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए ये आदेश जारी कर अवैध इमारतों को तोड़ने की फिलहाल मनाही कर दी है। बता दें, नूंह हिंसा के दौरान जिन इमारतों से पत्थर चले थे, उनसे जुड़े अवैध निमार्णों पर बुलडोजर कार्रवाई प्रशासन की ओर से की जा रही थी। वहीं सोमवार को कोर्ट के आदेश के बाद बुलडोजर एक्शन पर ब्रेक लग गई है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह जब विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर भीड़ ने पथराव किया था तब दंगाइयों ने इनमें से कुछ इमारतों का इस्तेमाल किया था।

**अवैध निर्माण को किया जा रहा था जमींदोज**

गौरतलब है कि बीते सोमवार को हरियाणा में एक धार्मिक यात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई थी। दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद



व्यापक पैमाने पर हिंसा भड़की गई थी। हिंसा में 6 लोगों की जान चली गई साथ ही दर्जनों वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं, हिंसा के बाद हरियाणा की बीजेपी सरकार ने बुलडोजर अभियान शुरू कर दिया। सरकार की ओर से नूंह हिंसा शामिल आरोपियों के घर और दुकानों को गिराया जाने लगा। वहीं हाई कोर्ट की ओर से आदेश आने से पहले नूंह में अब तक 37 जगहों पर एकड़ों जमीन से अवैध निर्माण हटा दिए गए हैं। इधर, नूंह के डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि हिंसा ग्रस्त इलाके में विश्वास बहाली के उपाय चल रहे हैं। सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक कर्फ्यू से छूट दी गई थी। गौरतलब है कि इससे पहले ही हिंसा ग्रस्त इलाके में 3 घंटे के करीब कर्फ्यू में छूट दी गई थी।

## PLFI के पांच उग्रवादी धराए, देसी कट्टा बरामद

**KHUNTI :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के पांच उग्रवादियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 5.5 से की की पांच कारतूस, एक देसी कट्टा .315 एमएम की चार कारतूस चंदा की रसीद, संगठन का पर्चा, नकद दस हजार रुपये, तीन मोटरसाइकिल और छह मोबाइल बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ रांडूंग बोदरा उर्फ लंबू उग्रवादी संगठन के अपने सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के ठेकेदारों और साप्ताहिक हाट-बाजार जाने वाले व्यापारियों से लेवी की रकम वसूलता था। सूचना के सत्यापन के बाद छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने सर्च अभियान के दौरान पांच संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में 31 वर्षीय बोयार सिंह पूर्ति ग्राम रूगड़ू, 22 वर्षीय मुंडा ग्राम रूमचू, गोपाल बोंडोदियार ग्राम कानू, 20 वर्षीय हेम्ब्रोम ग्राम जिकीलता और मिखाईल हापदगाड़ा दोना ग्राम किलो थाना बंदगांव निवासी है।

# 136 दिन बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल

## संसद पहुंचे कांग्रेस नेता, I.N.D.I.A के सदस्यों ने किया स्वागत

**AGENCY NEW DELHI :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल किए जाने के बाद वह सोमवार को संसद भवन पहुंचे। जहां कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के संगठन 'इंडिया' के सांसदों ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद पहुंचते ही परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद वह कार्यवाही में शामिल होने के लिए लोकसभा पहुंचे।



लोकसभा जाते समय कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर लगाई थी रोक

राहुल गांधी की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (4 अगस्त) को निचली अदालत के सजा के आदेश पर रोक लगा दी थी। ये रोक सूरत सेशन कोर्ट से दोषसिद्धि पर फैसला आने तक जारी रहेगी, जहां राहुल गांधी ने कनविक्शन के खिलाफ अपील दायर कर रखी है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाए जाने के बाद आज उनकी लोकसभा सदस्यता को बहाल कर दिया गया। निचली अदालत के मोदी सरनेम मानहानि मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद उनकी जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी थी। लोकसभा सचिवालय ने आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संबंध में उनकी सदस्यता बहाल करने की घोषणा की। राहुल गांधी को मार्च में अपनी सदस्यता खोनी पड़ी थी। अब 136 दिन बाद संसद सदस्यता बहाल हुई है। लोकसभा सचिवालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 24 मार्च 2023 को जारी अधिसूचना के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त 2023 को एक विशेष अपील पर केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी, जिसके बारे में सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 23 मार्च 2023 को आदेश दिया था। आगे कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के 4 अगस्त 2023 के आदेश के मद्देनजर, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 (1)(ई) के सेक्शन 8 में वर्णित जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत 24 मार्च 2023 को जारी राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने संबंधी अधिसूचना अगले न्यायिक आदेश तक खत्म की जाती है। 2019 में एक चुनावी सभा में मोदी सरनेम के बारे में दिए गए एक बयान को लेकर गुजरात की कोर्ट ने मार्च 2023 में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। सजा सुनाए जाने के अगले ही दिन लोकसभा सचिवालय ने संसद सदस्यता रद्द किए जाने के संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया था। राहुल गांधी ने 2019 के चुनाव में केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की थी।

# लिव-इन पार्टनर ने प्रेमिका-बेटियों को नदी में फेंका

## आधे घंटे पाइप से लटकी रही 13 साल की लड़की, फोन करके पुलिस को बुलाया

**AGENCY GUNTUR :** आंध्रप्रदेश के गुंटूर में एक शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर से झगड़ा होने के बाद उसे और उसकी दो बेटियों को गोदावरी नदी में धक्का दे दिया। इस घटना में महिला और उसकी एक साल की बेटी नदी में लापता हो गई, जबकि 13 साल की लड़की ने प्लास्टिक का पाइप पकड़कर अपनी जान बचाई। लड़की पाइप के सहारे आधे घंटे तक लटकी रही। उसने लटके-लटके ही डायल 100 को कॉल किया।



इसके बाद पुलिस ने उसे बचाया और उसकी मां-छोटी बहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी सुरेश को अरेस्ट कर लिया है। पुप्पाला सुहासिनी नाम की महिला गुंटूर के ताडेपल्ली में रहती थी। पति से मतभेद के कारण वह उससे अलग हो गई थी। 36 साल की महिला अपनी बेटी कीर्तना (13) के साथ रह रही थी और मजदूरी करती थी। दो साल पहले वह सुरेश से मिली। दोनों साथ रहने लगे। सुहासिनी और सुरेश की भी एक बेटी जर्सी (1) है।

### तीनों को मारने से पहले दिनभर घुमाया

कुछ दिन पहले सुहासिनी और सुरेश के बीच अनबन हुई थी और सुरेश ने सुहासिनी और बेटियों कीर्तना, जर्सी को खत्म करने का फैसला किया। सुरेश ने तीनों को मारने की प्लानिंग की। शनिवार शाम वह उन्हें कई जगहों पर घुमाने ले गया। रविवार सुबह तक उनके साथ रहा। सुबह करीब 4 बजे सुरेश ने रावुलापालेम में गौतमी पुराने पुल पर कार रोकी। उसने तीनों को सेल्फी लेने के लिए मनाया और दीवार के सहारे खड़ा कर दिया। इसके बाद उसने अचानक तीनों को नदी में धकेल दिया। सुहासिनी और जर्सी नदी में गिर गईं, लेकिन कीर्तना ने वहां लगा पाइप पकड़ लिया। पुलिस ने दो टीम बनाकर सुरेश और सुहासिनी की तलाश शुरू की। मां-बेटी का पता नहीं चल सका है, जबकि सुरेश को अरेस्ट कर लिया गया है।

## बेटी की चिता पर कूदा रेप पीड़िता का पिता

**BHILWARA :** भीलवाड़ा की रेप और हत्या की जघन्य घटना में अपनी बेटी खो चुके पिता सब्र सोमवार को टूट गया। सोमवार को मृतका का अंतिम संस्कार किया जा रहा था, इसी दौरान मृतका के पिता ने बेटी की जलती चिता पर कूदने की कोशिश की। जलती चिता पर कूदने की कोशिश में पिता घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजकीय महात्मा गांधी अस्पताल के निदेशक डॉ. अरुण गौड़ ने बताया कि उनकी हालत अब खतरे से बाहर है।

# मणिपुर हिंसा की जांच को SC ने बनाई कमेटी

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता से जुड़े मामलों की जांच के लिए हाईकोर्ट के तीन रिटायर्ड जजों की एक कमेटी गठित की है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया, जिसमें जस्टिस शालिनी जोशी और जस्टिस आशा मेनन शामिल होंगी। कोर्ट ने सीबीआई जांच की निगरानी के लिए पूर्व आईपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पद्सालगिकर को नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि वह तीन हाईकोर्ट के रिटायर जजों की कमेटी नियुक्त करेगा। हमारा प्रयास कानून के शासन में विश्वास की भावना बहाल करना है। यह कमेटी जांच के अलावा अन्य चीजों पर भी गौर करेगी, जिसमें राहत, उपचारात्मक उपाय आदि शामिल हैं।

# चंद्रयान-3 का चंद्रमा की ORBIT में सफल प्रवेश

**PHOTON NEW DELHI :** चंद्रयान-3 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का भारत का तीसरा चंद्र मिशन है। इसी साल 14 जुलाई को चंद्रयान-3 श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक चंद्रमा के लिए रवाना किया गया था, 5 अगस्त को अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। आने वाले समय में चंद्रयान-3 के कुछ बहुत महत्तवपूर्ण जानकारियां भेजेगा, जो भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के ऑर्बिट में सफर एंट्री पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अभी सब कुछ ठीक चल रहा है। 23 अगस्त को (चंद्रमा पर)



उतरने तक कई युद्धाभ्यास होंगे। उपग्रह एकदम ठीक है। एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान ने रविवार की रात को चंद्रमा ऑर्बिट में कदम रखा। भारत के इस तीसरे चंद्रयान 3 ने 3,84,400 किलोमीटर की लंबी दूरी करके धरती के गुरुत्वाकर्षण के दायरे से बाहर निकल आखिरकार चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। हालांकि किसी भी खगोलीय पिंड पर स्पेसक्राफ्ट को लैंड करवाना काफी मुश्किल होता है।

## सिमडेगा में जंगली हाथी ने लड़की को कुचलकर मार डाला

**SIMDEGA :** बांसजोर थाना इलाके के टेंगरा टुकु गांव में जंगली हाथी ने एक लड़की को कुचलकर मार डाला। घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार देर रात जंगली हाथी बांसजोर थाना इलाके के टेंगरा टुकु गांव पहुंचा। गांव में एडमन जोजो के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर को छतिग्रस्त करने के बाद एडमन जोजो की बेटी कुलवंती जोजो को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। परिवार के अन्य लोगों ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर एनोस एक्का ने उपायुक्त अजय कुमार सिंह से बात की।

## महोत्सव में जुटेंगे देश-दुनिया के लोग, सीएम बोले- मील का पत्थर साबित होगा आयोजन

# विश्व आदिवासी दिवस पर कल इतिहास रचेगा झारखंड

**PHOTON NEWS RANCHI :** विश्व आदिवासी दिवस पर रांची में होने वाले झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। बारिश के बावजूद रांची जिला प्रशासन इसे ऐतिहासिक बनाने में जी- जान से जुटा है। एक हजार से अधिक कारीगर एवं मजदूर कार्यक्रम स्थल के स्वरूप को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कार्यक्रम को लेकर प्रतिदिन अपटूडेट रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस बार इस महोत्सव का देश भर में प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। खुशी की बात है कि देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। कहा कि आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन- सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत -नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परंपरा और संस्कृति से रूबरू कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सरायकेला छऊ, डोमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जायगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।



सीएम को निमंत्रण देते केंद्रीय सरना समिति के सदस्य ● फोटोन न्यूज

### रीझ रंग रसिका रैली होगी आकर्षक का केंद्र

इस कार्यक्रम में 32 जनजातीय के वाद्ययंत्रों की अविस्मरणीय गूंज के हम सभी साक्षी बनेंगे। रीझ रंग रसिका रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर कदम थिरकेंगे, इससे पूरा झाारखंड थिरकेगा और वाद्ययंत्रों का संगम झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज करेगा। झारखंड आदिवासी महोत्सव -2023 में रीझ रंग रसिका रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। रैली में असुर, बैंगा, बंजारा, बथुडी, बेदिया, बिंझिया, बिरहोर, बिरजिया, चेरो, चिक-बड़ाईक, गोंड, गोडाईल, हो, करमाली, खड़िया, कंवर, खरवार, खोंड, किसान, महली, माल पहाड़िया, मुंडा, उरांव, परहईया, संथाल, सौरिया पहाड़िया, सवर, भूमिज एवं कोल जनजाति के कलाकार अपने वाद्ययंत्रों के साथ नजर आएंगे।

# बोकारो में दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम पर बनेगा मेडिकल कॉलेज : हेमंत सोरेन

## डुमरी विधानसभा क्षेत्र में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर खुलेगा विद्यालय

● मुख्यमंत्री ने 11186 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

**PHOTON NEWS BOKARO:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड बदल रहा है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज खुलेगा। यह कॉलेज दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम नाम पर होगा। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, आवासीय विद्यालय, आवासीय बालिका विद्यालय और आईटीआई कॉलेज के अलावा नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर एक विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को एक सशक्त और मजबूत राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**गांव मजबूत बनेगा, तभी राज्य और देश मजबूत होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत बनेगा, जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। किसानों और मजदूरों के हित को केंद्र में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन • फोटोन न्यूज

**अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। देश की आजादी के खातिर यहां के कई वीरों ने अपनी कुबार्नी दे दी तो अलग झारखंड राज्य के संघर्ष में भी हजारों हजार लोग वर्षों तक आंदोलन करते रहे। अब हमें अपने वीरो-शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो। युवा पीढ़ी अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जो विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहा है। उन्होंने कहा कि आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान रखें। आपकी पढ़ाई से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के लिए सरकार सारा खर्च देगी।

जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे

हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले वर्ष भी सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई। इस वर्ष भी अपेक्षा के अनुरूप बारिश अब तक नहीं हुई है ऐसे में एक बार फिर सूखे की आशंका बन सकती है। ऐसे में राज्य में हो रही बारिश और फसलों की बुवाई का लगातार आकलन कर रहे हैं और जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन के कुछ हिस्से में फलदार पौधे लगाएं।

**युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने बल पर 15 लाख से ज्यादा हरा राशन कार्ड धारियों को खुले बाजार से अनाज खरीद कर उनके बीच वितरित कर रही है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और परित्यक्ताओं को पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही है। हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लड़कियों को पढ़ाई के लिए सरकार राशि उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा भी कई ऐसी योजनाएं हैं जो समाज के विभिन्न वर्गों और तबकों के विकास को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं।

**कई योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपये की 62 योजनाओं की सौगात बोकारो जिला वासियों को दी। इसमें 18 करोड़ 14 लाख 33 हजार रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 274 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपये की 25 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# तिसरी में भाजपाइयों ने डीएफओ व रेंजर की निकाली शव यात्रा, फूंका पुतला

## जोर पकड़ रहा चंदवापहाड़ी जलमीनार में लगे उपकरणों को उखाड़ने का मामला

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** तिसरी प्रखंड के चंदवापहाड़ी में बीते दिनों जल नल योजना के तहत स्थापित जलमीनार में लगे उपकरणों को वन विभाग द्वारा उखाड़कर ले जाने के मामले में तिसरी के भाजपाईयों ने गिरिडीह डीएफओ प्रवेश अग्रवाल व गांवा रेंजर अनिल कुमार की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। 7 अगस्त को भाजपा के दर्जनों कार्यकताओं ने वन विभाग के विरुद्ध नारेबाजी व जनप्रतिनिधियों पर किए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग करते हुए गिरिडीह डीएफओ व गांवा रेंजर की प्रतीकात्मक अर्थी



पुतला दहन करते भाजपाई • फोटोन न्यूज

निकालकर गांधी चौक से तिसरी बाजार का भ्रमण किया। इसके बाद मुख्य बाजार पर परिक्रमा करने के बाद प्रतीकात्मक अर्थी को जलाया गया। आरोप-प्रत्यारोप के बाद मुकदमेबाजी तक पहुंचा मामला मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव ने कहा कि चंदवापहाड़ी में जलमीनार में लगे उपकरणों को वन विभाग द्वारा उखाड़ कर वहां के ग्रामीणों के ऊपर अत्याचार किया गया है। लिहाजा प्रशासन जल्द चंदवापहाड़ी में पेयजल की व्यवस्था करे। जल मीनार में लगे उपकरणों को उखाड़ने का विरोध करने पर वहां के आदिवासियों को जातिसूचक गाली झ्र गलौज करने वाले वनकर्मियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री व उपायुक्त होने के बावजूद आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है। हेमंत सरकार में आदिवासियों का भला हो ही नहीं सकता। वहीं चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित ने कहा कि जब तक सरकार दोषी वनकर्मियों पर कार्रवाई नहीं करती है तब तक भाजपा का यह आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को तिसरी प्रखंड भाजपा कमेटी काला बिल्ला लगाकर मौन जुलूस निकालते हुए काला दिवस मनाएगी। मौके पर सुनील शर्मा, सुनील साव व अन्य लोग भी मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में कल जनसभा करेगी कांग्रेस

**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रदेश कांग्रेस विश्व आदिवासी दिवस पर पंडरा के बनहोरा मैदान में जनसभा करेगी। नौ अगस्त को आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने और इसकी सफलता के लिए रणनीति बनायी गयी है। सोमवार को रांची के कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने महासचिवों, रांची ग्रामीण और रांची महानगर जिलाध्यक्षों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बाबत तमाम पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम व्यापक और भव्य रूप से हो।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह




प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इसके साथ 09 अगस्त को आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में संरक्षण प्रतिभा, मशाल मार्च, राष्ट्र के इतिहास और विकास में आदिवासी नेताओं के योगदान को सम्मान देने हेतु श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक के बाद राहुल गांधी के संसद सदस्यता बहाल होने पर पार्टी कार्यालय में पटाखा फोड़ और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि संसद में एक बार फिर किसानों की, युवाओं की, देश के निम्नवर्गीय, मध्यमवर्गीय परिवारों की, महिलाओं के सम्मान की बात गुंजेगी। मणिपुर की जनता की आवाज संसद में राहुल गांधी उठाएंगे और न्याय दिलाने का काम करेंगे।

# भाजयुमो ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, जताया विरोध

## झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक युवा विरोधी : अमलेश सिंह

**PHOTON NEWS DHANBAD:** झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 की समीक्षा की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सात अगस्त को उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष अमलेश सिंह ने की। उन्होंने विधेयक को युवा विरोधी बताते हुए कहा कि इस विधेयक से झारखंड सरकार एसएससी जैसी संस्थाओं में प्रतियोगी युवाओं की आवाज को दबाकर



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपता भाजयुमो का प्रतिनिधिमंडल • फोटोन न्यूज

मनमाने तरीके से संचालन करना चाहती है। उन्होंने इस विधेयक को अभिव्यक्ति की आजादी का उलंघन बताया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मांग की कि विधेयक पर गंभीरता से विचार कर निर्णय लें। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, रमेश राही, नितिन भट्ट, मानस प्रसून, संजय झा, रुपेश सिन्हा, वीरू हांसदा, पिंटू सिंह, रवि मिश्रा, नितिन शर्मा, बेबी यादव, मॉन्टी सिंह, जीत सोनी, चेतन शर्मा इत्यादि शामिल थे।

# सरकार अपराध करने वालों को लूट में छूट देने का काम कर रही : आजसू

## पलामू और गढ़वा के कई नेताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली

**PHOTON NEWS RANCHI:** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पलामू और गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देव शरण भगत ने कहा कि राज्य में अपराधियों के लिए अनुकूल माहौल बन गया है। राज्य में अपराधी सरकारी संरक्षण में फल फूल रहे हैं। सरकार अपराध करने वालों को लूट में छूट देने का काम कर रही है। पार्टी में



शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत करते हुए डॉ भगत ने कहा कि आप सब के साथ मिलकर हम झारखंड को संवारने का काम करेंगे। पार्टी ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। राज्य बन गया, लेकिन हमारे सपनों का झारखंड अब तक नहीं बन पाया है। इसके लिए हम मिल कर काम करेंगे। आजसू जनादेश का सम्मान करना जानती है। जनता के बीच में रहकर उनके सुख दुख में रहकर काम करना ही हमारा उद्देश्य है। हम राज्य के हर चूल्हा से रिश्ता बना रहे हैं। अक्टूबर महीने में पार्टी राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन करेगी। इस अधिवेशन का उद्देश्य है कि राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होकर अपनी समस्या और विचारों का आदान- प्रदान करें।

**इन्होंने पार्टी की सदस्यता ली**

अधिरंजन तिवारी के नेतृत्व में आरजेडी के बीस सूत्री सदस्य रामाधार ठाकुर, पूर्व युवा कांग्रेस सचिव अनुराग तिवारी, बीएसपी के पूर्व कार्यकारणी सदस्य, जेएमएम नेता मो। सैफ व मो। सकलैन, मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी सदर विक्की कुरेशी, रोशन सिंह, मनीष सिंह, प्रकाश साव, उपेंद्र पासवान, अभिमन्यु सिंह, अमित पांडे, रोशन सिंह, सतीश सिंह,मंटू सिंह, राहुल सिंह,चंद्र शेखर कुमार समेत सैकड़ों ने पार्टी की सदस्यता ली।

## झामुमो की नई कार्यकारिणी में मथुरा का बढ़ा कद, धनबाद जिले के कई शीर्ष नेता दरकिनार

# जिला कमेटी का विवाद एक बार फिर आया सामने, आरोप-प्रत्यारोप शुरू

**PHOTON NEWS DHANBAD:** झारखंड मुक्ति मोर्चा की नई कार्यकारिणी में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो का कद एक बार फिर बढ़ गया है। अब पार्टी की शीर्ष कमेटी में उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। वह विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के सचेतक पहले से हैं। नई जिम्मेवारी मिलने से जिला कमेटी में भी उनका दबदबा ज्यादा मजबूत होगा। वहीं, जिले में अमितेश और नीलम की जोड़ी हाशिए पर है। पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष अमितेश सहाय का कद छोटा कर नई कार्यकारिणी में उन्हें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जबकि नीलाम मिश्रा को समिति में कोई स्थान नहीं मिला है। वरिष्ठ नेता कंसारी मंडल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू और पूर्व में निरसा से विधायक के उम्मीदवार रह चुके अशोक मंडल को भी किनारे लगा गया है। नई कार्यकारिणी गठन के बाद जिला कमेटी का विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जिला कमेटी के पदाधिकारियों व नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कुछ लोग पार्टी की शीर्ष कमेटी में शामिल नहीं किए जाने के पीछे मथुरा प्रसाद महतो को दोषी ठहरा रहे हैं। वहीं, कुछ नेता नीलम मिश्रा की ओर से पिछले दिनों दिए गए बयान को सजा के रूप में मान रहे हैं।

**जिला अध्यक्ष से कार्यकर्ता खुश नहीं**

पार्टी के वर्तमान जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन से ज्यादातर कार्यकर्ता नाखुश हैं। कुछ लोग उन्हें मुखौटा भी बताने लगे हैं। कई तो यह भी कहते चल रहे हैं कि लक्खी साहब का ध्यान संगठन से ज्यादा अपने जॉब पर है। जिला अध्यक्ष बनने के बाद भी ईसीएल में जॉब कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे जिला से अधिक समय निरसा में ही देते हैं। उनकी जगह मीडिया पैनलिस्ट नीलम मिश्रा जिले में सक्रिय रहती हैं। इतना ही नहीं, जिला अध्यक्ष दूसरे के इशारे पर काम करते हैं। हाल में ही पार्टी के 8 लोगों को बिना सोचे-समझे शो-कॉज कर दिया। ऐसे में लक्खी सोरेन के नेतृत्व के कारण पार्टी में बिखराव बढ़ा है।

**कम समय में पार्टी का चर्चित चेहरा बनीं नीलम**

जानकारों का कहना है कि नीलम मिश्रा अपने पति उत्तम कुमार मिश्रा के साथ धनबाद में रहती हैं। उनके पति एक सेवानिवृत शिक्षक हैं और नीलम भी राजनीति में आने से पहले बीएसएस और अल इकरा बीएड कॉलेज में शिक्षिका रह चुकी हैं। शहर के मशहूर तिवारी होटल के मालिक कंठी तिवारी की बेटी नीलम मिश्रा मूल रूप से ये गिरिडीह जिले की रहने वाली हैं। शिक्षा से अलग होने के बाद ये कांग्रेस से जुड़ीं, कई सालों तक कांग्रेस में रहने के बाद झामुमो में शामिल हुईं। 2022 में जिला कमेटी भंग होने के बाद वह चर्चा में आईं। फिलहाल 8 लेन सड़क के नामकरण को लेकर सक्रिय हैं। पार्टी के हर कार्यक्रम में भी नजर आती हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडे के भी काफी करीबी बताई जातीं हैं। लेकिन, पिछले दिनों पुतला दहन कार्यक्रम में जुबान फिसलने के कारण पार्टी के विरोधियों के निशाने पर आ गईं।

**भारी विवाद के कारण जिला कमेटी हो गई थी भंग**

झामुमो की अंदरूनी लड़ाई पहले से चलती आ रही है। पिछले साल तत्कालीन जिलाध्यक्ष रमेश टुडू और पवन महतो की अंदरूनी लड़ाई की वजह से जिला कमेटी भंग हो गई थी। इसके बाद ही ये चर्चा शुरू हो गई कि जिले में पार्टी के चाणक्य मथुरा प्रसाद महतो हैं, जब तक रमेश टुडू ने उनकी सुनी, तब तक कोई विवाद नहीं था और जब टुडू अपने दम पर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे, तो मथुरा ने अपने रिश्तेदार पवन महतो को आगे कर दिया। विवाद की वजह से जिला कमेटी भंग हो गई और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता माने जाने वाले रमेश टुडू हासिये पर चले गए। फिलहाल सामान्य कार्यकर्ता हैं। कई वरिष्ठ नेताओं की भी पार्टी में कमोबेस यही स्थिति है।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी को लेकर की बैठक



**PHOTON NEWS RANCHI:** कांके पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप और प्रखंड अध्यक्ष प्रभात भूषण की अध्यक्षता में सोमवार 7/8/ 2023 को कांके प्रखंड में बैठक की गई।

बैठक में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा 12 अगस्त को आहूत भिक्षाटन आंदोलन की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत स्वयंसेवक संघ अपने 5 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 30 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में हैं। बैठक में प्रखंड के सभी सक्रिय स्वयं सेवकों की सूची तैयार कर जिला भेजा गया है। इस बैठक में चंद्रदीप, प्रभात, मनोज, सतीश, रामसागर, देवंती, अजय, चंदन, ललिता, संजय, इत्यादि मौजूद थे।

**पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के पांच सूत्री मांग**

संघ का मुख्य 5 मांगे हैं (1)मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता,(2) किसी भी विभाग में समायोजन,(3) स्वयंसेवक को स्थाई किया जाए (4) स्वयंसेवक का पद का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाए एवं (5)स्वयंसेवक को मानदेय लागू किया जाए।

## BRIEF NEWS

### रामगढ़ जिला में बढ़ते अपराध के खिलाफ होगा आंदोलन : आजसू

**RAMGARH:** पतरातू प्रखंड के होटल व्यवसाय रोशन साहू की हत्या के बाद आजसू ने भी जिला प्रशासन के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की है। आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने सोमवार को कहा कि रामगढ़ जिले में पुलिस व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां व्यवसायियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा है की जिले में भ्रष्टाचार का ग्राफ पहली बार इतना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि समाज का हर व्यक्ति खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। पुलिस सिर्फ दुपहिया वाहन जांच में परेशान है। अपराधियों पर लगाम लगाने को ले इतनी तत्परता रहती तो आज ये भयावह स्थिति न होती। ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों को शीर्ष सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पतरातू प्रखंड का हाल और बुरा है। आए दिन हत्याएं हो जा रही हैं। जल्द हीं रौशन साव के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आजसू जोरदार आंदोलन करेगी।

### सरयू राय ने नीतीश को सिख मामले में लिखा पत्र, किया आग्रह

**RANCHI:** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र भेजकर अपील की है कि वे तख्त हरिमंदिरजी, पटना साहिब की 15 सदस्यीय समिति में झारखंड के सिख समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करें। यह भागीदारी 1955 में तख्त हरिमंदिरजी पटना साहिब के संचालन के लिए गठित प्रबंध समिति में हाल तक चली आ रही है। उन्होंने इस पत्र की प्रति झारखंड के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भी भेजी है। सरयू राय ने यह मुद्दा 2 जुलाई को झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी उठाया था।

### माकपा नेता खेतको के करंट प्रभावित परिवारों से मिले

**BERMO :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) के बोकारो जिला के प्रतिनिधिमंडल खेतको गांव पहुंचे और करंट प्रभावित परिवारों से मिले। जिला सचिव भागीरथ शर्मा, सकुर अंसारी, श्याम बिहारी सिंह दिनकर व अख्तर खान इस प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। ज्ञात हो कि मोहर्रम के दिन ताजिया ले जाने के क्रम में 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई थी। यह प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवारों से मिला कर शोक व्यक्त किया। परिजनों ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि हर प्रभावित परिवार में से एक को नौकरी, उचित मुआवजा व घटना की उच्च स्तरीय जांच हो। पुलिस प्रशासन व बिजली विभाग के अधिकारी में से जिनपर दोष सिद्ध होता है, उनपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### विधायक अपर्णा ने मैथन ओपी परिसर में किया शेड का शिलान्यास

**MAITHON :** निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने मैथन ओपी परिसर में 7 अगस्त सोमवार को सीनियर सिटीजन शेड निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि शेड निर्माण से ओपी परिसर में आने वाले लोगों को बैठने के लिए सुविधा होगी। शेड का निर्माण डीएमएफटी फंड से 24 लाख 60 हजार रुपये की लागत होना है। उन्होंने कहा कि निरसा विधानसभा के हर क्षेत्र में विकास तेजी से हो रहा है। लोगों का हर अरमान पूरा करना कर्तव्य बनता है। क्षेत्र का चहुमखी विकास मेरा मकसद है। मौके पर मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव, विनय कुमार महतो, प्रमोद राय, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, अफजल खान, राहुल तिवारी, राजू रजक सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने बुनकरों को किया सम्मानित

**RANCHI:** तिरिल आश्रम के खादी ग्राम उद्योग के बुनकरों को भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को सम्मान प्रदान किया गया। खादी ग्राम उद्योग के बुनकरों को सम्मान कार्यक्रम प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में किया गया।

BRIEF NEWS

### डीएसपी ने देर रात अड्डाबाजी करने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

**RANCHI :** रांची में रविवार देर रात अड्डा बाजी करने वालों के खिलाफ कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बड़ा तालाब, टैक्सी स्टैंड सहित कई इलाकों में अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही अड्डेबाजी करने वाले युवक भाग गए। डीएसपी ने बताया कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में देर रात अड्डेबाजी करने वाले स्थानों पर अभियान चलाया गया।

### पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**RANCHI :** सावन मास की पांचवीं सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। पहाड़ी मंदिर में बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। रांची के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। सावन के सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है। इस पाठ के करने से चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है । साथ ही चंद्र ग्रह मजबूत होता है।

### 13 अगस्त को मनाया जायेगा पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस

**RANCHI :** साई पुस्तकालय में सोमवार को झारखंड सूचना और पुस्तकालय संघ की बैठक हुई। इस बैठक में आगामी 13 अगस्त को सर्ड ऑडिटोरियम में पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस और राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। भारत में पुस्तकालय आंदोलन और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के जनक डॉ। एस। आर। रंगनाथन की जयंती पर संघ एवं सर्ड के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से संबंधित प्रोफेशनल, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, लाइब्रेरियन आदि भाग लेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 10 अगस्त से सर्ड एकेडमिक कैंपस, डीएवी स्कूल हेहल (जुनियर विंग) में शुरू होगी।

### पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

**RANCHI :** रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को रातू रोड स्थित डांस झारखंड में 150 पौधा का वितरण किया गया। साथ ही विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन लाईफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें 150 छात्र-छात्राओ को संस्था की ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, डांस झारखंड के निदेशक राम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

कोर्ट की खबरें

# HC ने COVID-19 के परिप्रेक्ष्य में RIMS की कार्यप्रणाली में सुधार से संबंधित जनहित याचिका का किया निष्पादन

## 4 अन्य पीआईएल का भी हुआ निपटारा, रिम्स में नियुक्ति मामले की कोर्ट करेगा मॉनिटरिंग




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार सहित राज्य में कोविड 19 की जांच में तेजी को लेकर दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने कहा कि यह जनहित याचिका कोविड-19 की पृष्ठभूमि में शुरू हुई थी, अब कोविड-19 समाप्त हो चुका है, ऐसे में इस जनहित याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने रिम्स के अधिवक्ता एके सिंह की दलील सुनने के बाद कोविड-19 से संबंधित जनहित याचिका एवं इसके साथ संलग्न 4 अन्य जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया। इससे पहले रिम्स की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में स्वीकृत पदों को भरने के लिए कोर्ट के आदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। रिम्स में दवा सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का काम सतत जारी रहने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में रिम्स में अगर किसी तरह की कोई कमी दिखती है तो प्रार्थी चाहे तो फिर से जनहित याचिका दायर कर सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि कोविड-19 से संबंधित जनहित याचिका निष्पादित की जाती है लेकिन रिम्स में नियुक्ति से संबंधित एक अन्य याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी, कोर्ट इसकी मॉनिटरिंग करता रहेगा।

### पशुपति यादव के खिलाफ आरोप तय

**RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव के खिलाफ ईडी की विशेष कोर्ट पीके शर्मा की अदालत ने आरोप तय कर दिया है। सोमवार को पेशी के दौरान कोर्ट ने पशुपति यादव को उनके खिलाफ लगे आरोप को पढ़कर सुनाया। इस दौरान पशुपति ने अपने खिलाफ लगे आरोप को गलत बताया। उन्होंने कहा कि वह दाहू यादव के पिता हैं, इसे लेकर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ लगाए गये सारे आरोप निराधार है। ईडी ने पशुपति यादव को 21 अप्रैल को साहिबगंज से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला में फरार चल रहे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के घर की कुर्की-जब्ती की गयी है।

## चेक बांउस मामले में अमीषा पटेल के वकील ने नहीं किया गवाह से जिरह

**RANCHI :** न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के द्वारा पेश किए गए पहले गवाह का जिरह नहीं हो सका। शिकायतकर्ता के गवाह के जिरह के लिए अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से फिर से समय की मांग की गई। इसका शिकायतकर्ता के वकील ने विरोध करते हुए कहा कि गवाह पिछले दो तिथियों से कोर्ट आ रहे हैं। इसलिए इन्हें अब गवाही से मुक्त किया जाए। कोर्ट ने



अनुमति देते हुए अगली सुनवाई में गवाह संख्या दो को कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व अमीषा पटेल के वकील ने गवाह द्वारा जिरह के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई थी. जिसके बाद अदालत ने अमीषा पटेल पर 500 रुपया का जुमार्ना लगाते हुए सात अगस्त की तिथि जिरह के लिए निर्धारित की थी।

उल्लेखनीय है कि फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा 2017 में दर्ज कराया था। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपया ली थी। अजय कुमार सिंह के द्वारा पैसा मांगने पर अमीषा पटेल ने 2 चेक दिया था। वह दोनो चेक बाउंस हो गया था। इसे लेकर अजय कुमार सिंह ने पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। पिछले दिनों मामले में अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिरी लगा चुकी है।

## पूर्व विधायक अमित की बेल याचिका पर सुनवाई

### पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत में पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अमित महतो और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की। उल्लेखनीय है कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में दर्ज हुई थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में



बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगे गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को अदालत में कोर्ट में सरेंडर किया था।

## CBI कोर्ट ने खारिज की संजय कुमार की अग्रिम बेल याचिका

**RANCHI :** पूर्व मंत्री और मनी लॉउंड्रिंग केस में सजायफ्ता हरिनारायण राय के पीएस (पर्सनल सेक्रेटरी) रहे संजय कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने संजय कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। संजय कुमार की याचिका पर रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। संजय कुमार के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपति अर्जित करने के मामले में कांड संख्या आरसी-04-2010 दर्ज किया है। पिछले महीने इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को हाईकोर्ट ने हटा दिया था। जिसके बाद अब संजय कुमार पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। संजय पर हरिनारायण राय के मंत्रित्व काल में विभागीय फाइल और दस्तावेज गायब करने के भी आरोप हैं।

## ईडी के गवाह ने कोर्ट में कहा- पन्ना लाल के खिलाफ दिये थे कई सबूत

**RANCHI :** मानव तस्करी के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता देवी से जुड़े केस में रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से गवाह के रूप में रिटायर्ड इंस्पेक्टर अनुराधा को पेश किया गया। उन्होंने अदालत को दिए गए अपने बयान में बताया कि उन्होंने ही पन्ना लाल को दिल्ली से गिरफ्तार किया था, और उसके बाद ट्रायल कोर्ट में ह्यूमन ट्रेफिकिंग (मानव तस्करी) से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत किये थे। बता दें कि कुख्यात मानव तस्कर पन्ना लाल के खिलाफ झारखंड के खूंटी जिले के ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में दर्ज एफआईआर को एनआईए ने टेक ओवर किया है। वहीं मानव तस्करी के जरिए करोडों रुपये अर्जित करने और उसके निवेश की जांच ईडी ने की है।

## बिट्टू खान हत्या मामले में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने सोमवार को रांची पुलिस के सहयोग से शातिर अपराधी रणविजय सिंह को लालपुर से गिरफ्तार किया है। इसके पास से चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आईजी अभियान एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित लवकुश शर्मा गिरोह का सदस्य बिट्टू खान उर्फ तनवीर की रांची के मोरहाबादी में हत्या करने में शामिल था। साथ ही धनबाद के बरवड्डा थाने के एक फायरिंग




मामले में आरोपी है। इसके खिलाफ रांची के नगड़ी और बरियातू थाने में भी पूर्व से मामला दर्ज है। यह शातिर अपराधी है।

## टीएसपीसी उग्रवादी टुनटुन गंझु की निशानदेही पर चल रही छापेमारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस टीएसपीसी के उग्रवादी टुनटुन गंझु के निशानदेही पर ग्रामीण इलाकों में अलग अलग छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कुछ और लोगों को पकड़ा है लेकिन उनका सत्यापन किया जा रहा है कि उनका उग्रवादियों से संबंध है नहीं है। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बुढ़मू और ठाकुरगांव स्थित जंगलों में पुलिस का सर्च अभियान चल रहा है। पुलिस का कहना है कि इन दोनों इलाकों में उग्रवादियों की गतिविधि काफी बढ़ गई है। उग्रवादियों के गतिविधि से कारोबारियों में दहशत का माहौल है। उग्रवादियों के द्वारा कई कारोबारियों से रंगदारी की मांग भी की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि किसी से रंगदारी की मांग की जाती है है तो वह तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

रविवार को ठाकुरगांव इलाके में पुलिस और झारखंड जगुआर के जवानों ने छापेमारी कर टीएसपीसी उग्रवादी टुनटुन गंझु को गिरफ्तार किया था। टुनटुन के साथ अन्य उग्रवादी थे जो पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे थे। टुनटुन ने अपने कई साथियों का नाम पुलिस को बताया है। पुलिस उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में टीएसपीसी का खातमा हो चुका है। इस वजह से टीएसपीसी फिर से खड़ा होने का प्रयास कर रहा है लेकिन पुलिस ऐसा होने नहीं देगी।

## मातृत्व वंदना के पोषक आहार के नाम पर ऑनलाइन ठगी

- दर्जनों ग्रामीणों के खाते से निकल गया पैसा, नए-नए नंबरों से फोन कर रहे ठग

**CRIME REPORTER RANCHI :** बेड़ो थाना क्षेत्र के जमनी गांव में मातृत्व वंदना के पोषक आहार के नाम पर आने वाले काल का खौफ इस कदर फैला हुआ है कि लोग नए नंबर से आने वाले फोन काल रिसीव करने में डरने लगे हैं। इस गांव में पोषक आहार के नाम पर कुछ ठगों ने आनलाइन फ्राड का धंधा शुरू कर दिया है। ठगों के झांसे में आकर जमनी गांव के दो लोगों ने पैसा गंवा दिया। आनलाइन फ्राड के शिकार हुए लोगों का कहना है कि उनके मोबाइल पर काल आया था। जिसमें फोन करने वाले शख्स ने कहा कि वह बाल विकास परियोजना से बोल रहा है,आपका आंगनबाड़ी के माध्यम से मातृत्व वंदना का पैसा आपके खाता में आएगा। साथ ही काल करने वाले शख्स ने बच्चे व मां सहित सभी की जानकारी दिया। जिसके बाद ग्रामीणों से आनलाइन एक हजार रुपये भेजने की बात कहकर उनके मोबाइल की जानकारी मांगी।

## ईंट से लदा ट्रक पलटा, एक की मौत

### नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो मोड़ पर हादसा, चार सवारी भी घायल

**CRIME REPORTER RANCHI :** नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो मोड़ के समीप सोमवार की पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे ईंटों से लदा एक टर्बो ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की दबने से मौत हो गई। वहीं ट्रक में सवार चार लोग घायल हो गए। मृतक चालक की पहचान रांची जिला के बुढ़मू थाना क्षेत्र के साड़म गांव निवासी 24 वर्षीय रूमेश नायक के रूप में हुई है। वहीं घायलों में 20 वर्षीय संदीप नायक, 18 वर्षीय रोहित नायक व 29 वर्षीय मनोज नायक तीनों ग्राम साड़म गांव बुढ़मू के निवासी हैं। दुर्गा लोहरा बोगरो टिकरा बेड़ो का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार टर्बो ट्रक बुढ़मू से ईंटा लादकर नरकोपी के लिए रवाना हुआ था। ट्रक पर चार अन्य लोग भी सवार थे। जैसे ही उक्त ट्रक बोबरो मोड़ के निकट पहुंचा, अचानक वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे में पलट गया। हादसे में चालक ट्रक के नीचे ही दब गया। सूचना मिलने पर नरकोपी थाना प्रभारी अभिजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने चारों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। साथ ही पुलिस ने ट्रक के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### रंगदारी का विरोध करने पर कारोबारी पर हमला

**RANCHI :** सदर थाना में धनीश कुमार ने टिंकू, पुरूषोतम और शमशाद पर आरोप लगाया है कि तीनों आरोपितों ने 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगा है। रंगदारी नहीं देने पर तीनों आरोपियों ने जानलेवा हमला किया है। धनीश ने पुलिस को बयान दिया है कि उसका बस का कारोबार है। धनीश अपने भाई के साथ कार्यालय में बैठा हुआ था। तभी तीनों आरोपी पहुंचे और कहा कि बस का कारोबार करना है तो रंगदारी का पैसा देना होगा। धनीश ने कहा कि मौके पर अन्य लोगों ने उसे बचाया नहीं तो आरोपी और मारपीट करते।

## जिला प्रशासन की ओर से नये वोटर को लेकर हाउस टू हाउस चलेगा सर्वे

**PHOTON NEWS RANCHI :** जिला प्रशासन की ओर से नये मतदाताओं को चिन्हित करने के लिए अब हाउस टू हाउस सर्वे शुरू किया जाएगा। डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य सात दिन के अंदर पूरा करने को कहा है। नए मतदाता जिनकी आयु एक जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वे अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण कराने करवा सकते हैं। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने बैठक कर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बूथ लेबल ऑफिसर घर-घर जा कर सत्यापन पर तेजी लाएं, जिसकी क्लोज मॉनिटरिंग संबंधित सभी पदाधिकारी करें एवं हाउस सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हाउस टू हाउस सर्वे में सभी योग्य व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है, उसे जोड़ने एवं मृत व स्थाई रूप से अन्यत्र जाने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का काम तथा जिनका नाम मतदाता सूची में त्रुटि पूर्ण हैं, उसे सुधारें।

### इंडियन आइडल स्टार्स पवनदीप राजन और अरुनिता का दिखेगा जादू, खरीदारी, भोजन और मनोरंजन का रहेगा पूरा इंतजाम

# 13 अगस्त को होगी 'MALL OF RANCHI' की ग्रैंड ओपनिंग

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के लोग शहर दिल में स्थित मॉल ऑफ रांची में उत्कृष्ट खरीदारी और मनोरंजन स्थल खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मॉल के संचालक ने इसकी औपचारिक उद्घाटन की तिथि घोषित कर दी है। लोगों का लंबा इंतजार अब खत्म होने वाला है। आगामी 13 अगस्त 2023 को मॉल ऑफ रांची की ग्रैंड ओपनिंग होगी। इस अवसर पर मॉल ऑफ रांची ने प्रसिद्ध इंडियन आइडल स्टार्स, पवनदीप राजन और अरुनिता को आमंत्रित किया है। इस इवेंट्स को वह अपने मोहक प्रस्तुतियों के साथ सजाएंगे। मॉल ऑफ रांची की ग्रैंड ओपनिंग में लगी टीम यह वादा करती है कि यह एक शानदार आयोजन होगा। इसमें लोगों की खरीदारी, भोजन और मनोरंजन का पूरा इंतजाम रहेगा। मॉल ऑफ रांची में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ शहर में खरीदारी के एक नया अनुभव को ग्राहकों तक पहुंचाना चाहता है। फैशन, लाइफस्टाइल, प्रौद्योगिकी और मनोरंजन के लिए एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। उम्मीद जताई गई है कि आने वाले दिनों में यह ग्राहकों के लिए सुप्रसिद्धि गंतव्य साबित होगा।

**कौन हैं ये दोनों कलाकार**

दोनों कलाकार टीवी शो इंडियन आइडल के प्रतिभागी रहे हैं। पवनदीप राजन एक अद्भुत गायक हैं।वह इंडियन आइडल नाम के प्रसिद्ध टेलीविजन शो में अंतिम प्रतियोगी के रूप में प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं। उनका आत्मविश्वास, मखमली आवाज, कला विविधता और अद्भुत मंच संप्रेषण ने देशभर के दर्शकों का मन मोह लिया। पवनदीप की योग्यता विभिन्न संगीतिक शैलियों को सहज रूप से प्रस्तुत करने की है । इनके शो की प्रस्तुतियों में भारतीय और पश्चिमी संगीत की अनुरूप क्षमता के दर्शन होते हैं। अद्भुत गायन को प्रदर्शित करने से उन्हें दर्शकों और इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के तारीफ मिलती रही है। अरुनिता एक और इंडियन आइडल कलाकार रही हैं। वह अपनी दमदार और सुरीली आवाज के लिए जानी जाती हैं। विविध गायन शैली के साथ अरुनिता ने लाखों दिलों को जीत लिया है। मंच पर उनकी मोहक प्रतिभा के साथ ही दर्शकों के साथ सहज संवाद स्थापित करने की क्षमता ने उन्हें संगीत के क्षेत्र में सबका प्रिय बना दिया है। अरुनिता की प्रस्तुतियां इंडियन आइडल के न्यायाधीशों और दर्शकों को निरंतर प्रभावित करती रही हैं। उनकी प्रतिष्ठा एक उभरती हुई स्टार के रूप में मजबूत हुई है। पवनदीप रंजन और अरुनिता को मॉल ऑफ रांची के ग्रैंड ओपनिंग उत्सव के लिए जुड़ने पर मॉल ऑफ रांची के निर्देशक नीतिश अग्रवाल ने बधाई दी। कहा कि उनकी अद्भुत प्रतिभा और संगीत प्रेमियों में लोकप्रियता हमारे इवेंट को सजाने के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प साबित होगी। हम मानते हैं कि उनकी प्रस्तुतियां उत्सव को उत्साह और मनोरंजन के नये स्तर पर पहुंचाएगी। यह हमारे सभी अतिथियों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करेगी। ग्रैंड ओपनिंग समारोह में पवनदीप रंजन और अरुनिता के द्वारा मोहक लाइव प्रदर्शन को शामिल किया जाएगा। जो उनके अनूठे स्टाइल और आकर्षक संगीत को प्रदर्शित करेगा। मॉल ऑफ रांची के आगंतुक एक अद्भुत संगीत, अद्भुत खरीदारी ऑफर्स और मॉल की विश्व-स्तरीय सुविधाओं के साथ एक यादगार शाम की अपेक्षा कर सकते हैं।



BRIEF NEWS

### प्रखंड के किसानों की पीड़ा असहनीय : शैलेश कुशवाहा

**BHURKUNDA:** पतरातू प्रखंड में चार धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर किसानों ने अपना मेहनत से कमाई धान फसल को बेचा। लेकिन 8 माह बीत जाने के बाद भी उन्हें राशि का भुगतान नहीं हुआ। इससे किसानों में काफी उदसी छाई हुई है। उक्त जानकारी देते हुए बिरसा चैक भुरकुंडा निवासी सह किसान मोर्चा के भाजपा भुरकुंडा मंडल महामंत्री शैलेश कुशवाहा ने बताया कि किसानों ने हरिहरपुर, देवरिया, पालू व बरकाकाना पैक्स में धान खरीद केंद्र में अपनी मेहनत से उगाई धान के फसल को सरकारी दर पर बेचा था। परंतु 8 माह बाद भी उन किसानों को दूसरी किस्त और बोनस की राशि अब तक नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि धान का विहीन लगाने के वक्त उन्हें पैसे प्राप्त नहीं हुए। अल्प बारिश के कारण किसी तरह वह अपने फसल लग रहे हैं। ऐसे समय में भी किसानों को झारखंड सरकार से पैसे नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण प्रखंड के हजारों किसानों का आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। श्री कुशवाहा ने बताया कि किसानों का कहना है कुछ रुपया कम ही सही बिचैलिए नगद पैसे दे देते थें। लेकिन झारखंड सरकार 8 माह बाद भी पैसा नहीं दे पा रही है। मुख्यमंत्री सूखा राहत के लिए भी अगले वर्ष आवेदन दिया गया था। लेकिन उसका भुगतान भी आज तक नहीं हुआ। सिर्फ कुछ किसानों को मिला है। शेष किसानों को अब भी सूखा राहत क्षतिपूर्ति राशि का इंतजार है। शैलेश कुशवाहा ने कहा कि किसानों का पीड़ा असहनीय है।

### कांग्रेस-झामुमो की सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा : चौधरी

**BHURKUNDA:** जिले में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी ने कहा की मौजूदा राज्य सरकार अपराधियों पर लगाम लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कांग्रेस और जेएमएम की सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। अपराधकर्मियों में शासन प्रशासन का भय नहीं रहा। आए दिन क्षेत्र में अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया जा रहा है। आम जनता सहित पुलिस को भी अपराधी अपना टारगेट करने लगे हैं। अपराधियों का इतना मनोबल बढ़ना ये साबित करता है की मौजूदा सरकार अपराध पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए के शासनकाल में राज्य में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ थी। राज्य में ऐसी अराजकता पहले कभी देखने को नहीं मिली। क्षेत्र में पुलिस द्वारा हेलमेट जांच के नाम पर आम जनता को प्रतिदिन परेशान किया जा रहा। पुलिस द्वारा इतनी सजगता अगर अपराध पर लगाम के लिए होती तो आज क्षेत्र की स्थिति इतनी भयावह नहीं होती। चौधरी ने कहा कि आने वाले चुनाव में यहां की जनता वर्तमान जनविरोधी सरकार को करारा जवाब देते हुए उखाड़ फेंकेगी। रोशनलाल चौधरी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस से तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### नवजात के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अमृत के समान: राजीव मेहता

**RAJRAPPA:** दुलमी प्रखंड के होन्हे पंचायत भवन में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। मुख्य अथिति के रूप में मुखिया राजीव मेहता मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि स्तनपान नवजात के स्वास्थ्य के लिए जीवन अमृत है। मां का दूध शिशुओं को कुपोषण व अतिसार जैसी बीमारियों से बचाता है। स्तनपान को बढावा देकर शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। शिशुओं को जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। जन्म के एक घंटे के अंदर नवजात शिशु को मां का पहला गाढ़ा दूध पिलाना चाहिए। मां का पहला दूध पोषण से भरपूर होता है। वही मुखिया ने महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व यहां पहुँचे मुखिया को बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर तेजस्विनी परियोजना एवं सृजन फाउंडेशन के कई लोग मौजूद थे।

# हिंदू संगठनों का प्रदर्शन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग

## कार्रवाई नहीं हुई तो होगा जोरदार आंदोलन : विधायक



प्रदर्शन करते पांकी विधायक शशिभूषण मेहता व हिंदू संगठनो के सदस्य ● फोटोन न्यूज



**पलामू एसपी ने क्या कहा**

पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पलामू पुलिस ने महिला और लड़के को सुरक्षा की दृष्टि से अपने पास रखा हैं। यह मामला छत्तीसगढ़ का हैं। छत्तीसगढ़ के थाने में ही एफआईआर दर्ज हुई हैं। पलामू पुलिस दोनों को छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंप देगी।

**PHOTON NEWS PALAMU:** छत्तीसगढ़ की रहने वाली नवविवाहिता का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। आरोपी गुरहा गांव निवासी साजिद खान, गुरहा मुखिया और पंचायत सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही हैं। पांकी विधायक शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने मेदिनीनगर शहर थाना पुहंचकर प्रदर्शन किया। इस बीच नवविवाहिता आकांक्षा मिश्रा और साजिद खान शहर थाना पहुंचे। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। बाद में एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर कड़ी सुरक्षा में विवाहिता और लड़के को एसपी ऑफिस लाया गया। वहीं दूसरी ओर इस मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने शहर थाना से एसपी ऑफिस तक नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकाला। आकांक्षा के माता-पिता और पति ने आकांक्षा मिश्रा की घर वापसी का आग्रह किया है। आकांक्षा के पिता जितेंद्र मिश्रा अपनी बेटी को घर ले जाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक ने कहा कि लड़की शादीशुदा थी तो बिना तलाक के उसको भगा कर निकाह करना कानूनन गलत ह। वहीं पाकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड में छत्तीसगढ़ की युवती का धर्म परिवर्तन कराया गया ह। इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। नहीं तो आने वाले समय में जोरदार आंदोलन होगा।

## मानवाधिकार आयोग व लोकायुक्त से संबंधित मामलों की बैठक में की गई समीक्षा




**PHOTON NEWS CHATRA:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार(राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए लंबित वादों की विभागवार व अँचलवार समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत निदेश दिया गया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उप विकास आयुक्त ने माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाने की बात कही तथा कहा कि न्यायालय के गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में दिया जाए ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी , नगर परिषद पदाधिकारी अभय कुमार झा, समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गर्नी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के फूड्स मसालों की पूरी रेंज हुई लोंच



**PHOTON NEWS RANCHI:** गर्नी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड अपने सारे प्रोडक्ट को पूरे झारखंड में मेसर्स बालाजी एजेंसी रांची (सुपर स्टॉकिस्ट) के द्वारा शुभारंभ कराया गया. बालाजी एजेंसी के संचालक सत्य प्रकाश ने बताया की गरनी फूड्स मसालों की पूरी रेंज है। इसमें क्वालिटी 100% शुद्ध है कंपनी इसे झारखंड के हर घर के किचन तक पहुँचायेगी। गर्नी भरोसा ग्रहणियो का मौके पर कंपनी के आरएसएम सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि गर्नी हमारी सभी प्रकार के मसालों का गुलदस्ता है। इसमें सभी प्रकार के आक्रिस्ट किस्म के जैसे स्ट्रेट, ब्लेंड और खड़े मसाले उचित मूल्य पर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के तरफ से सभी मसालों पर डिस्ट्रीब्यूटर और कस्टमर के लिए उचित उपहार उपलब्ध किया गया है। इसके साथ पूजा सामग्री के क्षेत्र में बेहतर किस्म के हवन सामग्री, धूप एवं अन्य पूजा सामग्री उपलब्ध है। कंपनी का लक्ष्य है कि हर घर में ग्राहकों को उनके मूल्य के अनुसार सही समान पहुंचाया जाए। इस कार्यक्रम में कंपनी के एएसएम मनोज शर्मा, गौतम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# नदी में छिपाई गई थी अवैध शराब, छापेमारी में 16 पेटियां जब्त

## गिरफ्तार आरोपी पर अलग-अलग थानों में पहले से दर्ज हैं कई मामले



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHATRA:** किसी भी हाल में अवैध धंधा नही चलेगी। गोलाई नदी से 16पेटी अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ने इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय के प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया की कल दिनांक 06.08 23 को पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा को गुप्त सूचना मिली थी कि हंटरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कन्दावार स्थित गोलाई नदी में अवैध रूप से विदेशी नकली शराब का भंडारण किया गया है तथा बेचने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कारवाई करने हेतू आदेश प्राप्त हूवा। प्राप्त आदेश के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए ग्राम कन्दावार में छापामारी कर एक तस्कर पिन्टू साथ पकड़ा गया जो पूर्व से भी वांछित थे जिसकी निशान देही पर गोलाई नदी में बालू में गाड कर रखा हुआ अवैध विदेशी शराब कुल 16 पैटी जप्त किया गया एंव अन्य फरार तस्कर की गिरफ्तारी हेतू छापामारी की जा रही है। इस संदर्भ में इंटरगंज थाना कांड सं0 156/23 अंकित किया गया है।

**जमा समानों की विवरणी**

**अशा विदेशी नकली शराब कुल 15 पेटी जिसमें**

1. IMPERIALBLU 375 ML का कूल 09कार्टून है।
2. ROYAL STAGE 375 ML का कुल 04 कार्टून है।
3. STERLING RESERVE 87.375 ML का कुल 02 कार्टून है, प्रत्येक कार्टून में 24-24 बोतल कुल 360 बोतल है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

1. पिन्टू कुमार उर्फ पिन्टू साव
उम्र करीब 26 वर्ष
पिताः रामबालक साव, सा० कन्दावार थाना-हंटरगंज, जिला चतरा।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

1. सदर थाना कांड सं0 118/21 .
2. राजपुर थाना कांड सं0 09/19 .
3. हंटरगंज थाना कांड सं0 42/20 .
4. हंटरगंज थाना कांड सं0 15/22 .
5. हंटरगंज थाना कांड सं0 177/22.
6. हंटरगंज थाना कांड सं0 189/22.
7. हंटरगंज थाना कांड सं0 156/23.
8. हंटरगंज थाना कांड सं0 33/20 .

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदा० / कर्मी**

1. पु०अ०नि० सनोज कुमार चौधरी थाना प्रभारी हंटरगंज थाना।
2. पु०अ०नि० गुलाम सरवर थाना प्रभारी वशिष्टनगर थाना।
3. पु०अ०नि० सुशील टुडू।
4. पु०अ०नि० नितेश कुमार दूबे।

## प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय की प्रतिभाएं हुई सम्मानित




दीप प्रज्ज्वलित करते मंत्री सत्यानन्द भोगता ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHATRA:** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता आज एक दिवसीय दौरे पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के गिद्धौर प्रखंड पहुँचे। इस दौरान मंत्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री भोगता के आगमन पर विद्यालय की छात्र छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मंत्री भोगता ने मैट्रिक इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चों को मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करनी चाहिए। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है।

ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों का अहम योगदान होता है। उक्त कार्यक्रम में जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक देवचरन दांगी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल चतरा पहुंच उप विकास आयुक्त ने किया 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' का विधिवत शुभारंभ

### गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS CHATRA:** 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत आनी सोमवार से की गई है। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता सदर अस्पताल चतरा पहुँच 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदीश प्रसाद ने उप विकास आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मिशन इंद्रधनुष के बेहतर संचालन हेतु कुल 445 सेशन साइट बनाए गए है। जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। मिशन इंद्रधनुष' अभियान तीन चरणों में चलेगा।



प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो किसी कारणवश टीका नहीं लगवा पाए थे। टीकाकरण से पूर्व लाभार्थी का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। पंजीकरण एवं रिपोर्टिंग यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त ने संबोधित करते हुए 'मिशन इंद्रधनुष 5.0' के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने जिले के गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से भी अपील किया कि वह अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ-साथ उनका इम्यूनिटी सिस्टम में भी वृद्धि हो। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस संबंध में भी उप विकास आयुक्त ने कई प्रमुख बातें कहीं। उन्होंने सभी संबंधित को उत्तरदायित्व पूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी चरणों में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ हीं ससमय समीक्षा एवं प्रतिदिन होने वाले टीकाकरण का रिपोर्ट भी साझा करने को कहा। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन द्वारा वहां उपस्थित बच्चों को पोलियो ड्रॉप भी पिलाया गया।

### मनरेगा व विभिन्न आवास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा दिए निर्देश

# वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए खेल के मैदान इस्तेमाल करना जरूरी

**PHOTON NEWS RAMGARH:** मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों का निरिक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिन लाभुकों के द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत भी आवास का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उनके विरूद्ध नोटिस जारी करने सहित अन्य कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके प्रखंडों में आवास योजनाओं के लंबित लक्ष्य के अनुरूप समय का आकलन करते हुए योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त 2023-24 के लिए आवास योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के आवास स्वीकृति का कार्य अनिवार्य रूप से 15 अगस्त पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।



बैठक में शामिल रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व अन्य कर्मी ● फोटोन न्यूज

मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही उन्होंने मनरेगा कार्यों में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में निर्मित खेल मैदानों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु यह जरूरी है कि बच्चे खेल मैदानों का इस्तेमाल करें। इसके लिए उपायुक्त ने आवश्यकता अनुसार खेल क्लब का गठन कर बच्चों व युवाओ को क्लब से जोड़ने व नियमित रूप से मैदाने में प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने खेल मैदाने में जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यकतानुसार सूची तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर लक्ष्य की प्राप्ति व लाभुकों के लाभ के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिले में ऑनलाइन एसेट रजिस्टर संधारित करने को लेकर पीपीटी के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर के फायदों यथा योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग, सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोर्टल पर संग्रहित, योजनाओं के पूर्ण होने में आने वाली तेजी, योजनाओं की डुप्लीकेसी पर रोक, संसाधनों के सही उपयोग सहित अन्य फायदों पर चर्चा के क्रम में इस दिशा में कार्य करने को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए।

## माही रेस्टोरेंट के मालिक की हत्या के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने किया मार्ग जाम

### हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की पुलिस-प्रशासन से ग्रामीणों ने की मांग



जानकारी देतीं विधायक ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** बासल थाना क्षेत्र के गेगदा मोड़ के समीप रविवार की रात्रि करीब पौने सात बजे हथियार बंद बाईक सवार तीन अपराधियों ने माही रेस्टोरेंट के मालिक रोशन कुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दुसरे दिन सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रामगढ-रांची मार्ग पर अवस्थित लबगा मोड़ फोरलेन के पास बांस बल्ली और टायर जलाकर पांच घंटे तक सड़क जाम कर दिया। विधायक और एसडीपीओ के अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा जाम हटाया गया। जहां एसडीपीओ ने ग्रामीणो को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण हत्यारो की अविलंब गिरफ्तार करने की मांग पर अडे. रहें। इस दौरान ग्रामीणो ने पुलिस प्रशासन को काफी खरी-खोटी भी सुनाया। घटना कि जानकारी मिलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद वहां पहुंची। विधायक ने बिलखते परिजनो को ढ़ाढ़स बंधाते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। सड़क जाम में पार्षद राजाराम प्रजापति, लबगा मुखिया शिवप्रसाद मुंडा, भाजपा नेता आशीष शर्मा, पिंटु कुमार, सलिंद्र साहु, विनोद साव, लालु कुमार, राजु साव, मोहन कुमार, नरेश साव, बालदेव यादव, सुनील साव सहित दर्जनो ग्रामीण शामिल थें। इधर सूत्रों की माने तो पुलिस रात्रि में रसदा लबगा और तालाटांड गांव से 5-6 लोगो को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर रही है।

# सीतारामडेरा थाना में बवाल लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

## थाना प्रभारी पर महिलाओं के साथ दुर्व्यहार का लगाया आरोप


थाने पर बवाल करते स्थानीय लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड के जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना में रविवार को बवाल हो गया। नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई कर रहे सीतारामडेरा थाना प्रभारी पर महिलाओं के साथ दुर्व्यहार का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। विवाद इतना बढ़ा कि रविवार की रात उरांव बस्ती के लोगों ने पुलिस थाने का घेराव कर दिया। देखते देखते हालात अनियंत्रित हो गए। स्थानीय लोगों की भीड़ में शामिल कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बाद पुलिस ने लाठी चार्ज किया। कार्रवाई में बस्ती कुछ लोगों को चोटें आई हैं। पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बस्ती के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें कुछ महिलाएं भी हैं।

**पुलिस अधिकारियों ने संभाला मोर्चा, बतायी विवाद की असली वजह :** विवाद को देखते हुए एसडीओ पीयूष कुमार, डीएसपी बीरेन्द्र राम समेत कई अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। इसके बाद विवाद शांत हुआ। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि उरांव बस्ती में बड़े पैमाने पर नशे का अवैध करोबार हो रहा है। इसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी के जवाब में बस्ती के लोगों ने थाना प्रभारी पर आरोप लगाया है।

**बस्ती के लोगों ने पुलिस पर लगाया आरोप :** उरांव बस्ती के लोगों ने सीतारामडेरा थाना प्रभारी भूषण कुमार पर बस्ती की महिलाओं के साथ घर में घुसकर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसी के विरोध में लोग सीतारामडेरा थाने का घेराव कर नारेबाजी करने लगे। इसमे थाना प्रभारी को हटाने की मांग शामिल थी। उग्र भीड़ कानून को अपने हाथ में लेते हुए पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया।

बिरसा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनकर कश्यप के नेतृत्व में लोगों ने थाना का घेराव किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। इस दौरान पुलिस ने दिनकर और लोगों को समझाने की कोशिश की। इसी दौरान भीड़ में कुछ अराजक प्रवृत्ति के लोगों ने पुलिस के साथ धक्कामुक्की शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने दिनकर को हिरासत में ले लिया। दिनकर कश्यप को हिरासत में लेने की सूचना के बाद बस्ती के लोग उग्र हो गए। पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी लाठियां चलाईं। इस घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। विवाद के बाद पुलिस के अधिकारियों ने खुद मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

उरांव बस्ती के कुछ घरों में अवैध नशे के कारोबार की सूचना

पुलिस को कुछ समय से लगातार उरांव बस्ती के कुछ घरों में अवैध नशे के कारोबार की सूचना मिली थी। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम इसी मामले की जांच करने गई थी। छापेमारी के दौरान माहौल बिगड़ गया। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से लोग आमने सामने आ गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस पर पथराव करने और कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने वालों को चिन्हित किया जा रहा है।

## BRIEF NEWS

### पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू का कहर, 24 पॉजिटिव व 14 संदिग्ध मरीज मिले

**JAMSHEDPUR :** सिंहभूम जिले में डेंगू कहर बरपा रहा है। सोमवार को एक दिन में सबसे अधिक 24 नए मरीज मिले। वहीं, 14 संदिग्ध मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजा गया है। 24 नए मरीजों में दो एमजीएम मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी भी शामिल हैं। इसके साथ ही पोटका, डुमरिया, मानगो, बिष्टुपुर, धतकीडीह, छोटागोविंदपुर, साकची, बागबेड़ा, गोलपहाड़ी, परसुडीह, जेम्को, सुंदरनगर के रहने वाले है। इन सभी का इलाज टीएमएच, एमजीएम, सदर, टेल्को अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में चल रहा है। वहीं, 14 संदिग्ध मरीजों का नमूना जिला सर्विलांस विभाग ने जांच के लिए भेजा है। बुधवार तक सभी मरीजों की रिपोर्ट आने की संभावना है। ये मरीज बिरसानगर, टेल्को, गोलमुरी, बारीडीह, शेषनगर छोटागोविंदपुर, मानगो के रहने वाले है। इनका इलाज टेल्को अस्पताल, ब्रह्मानंद व टिनप्लेट अस्पताल में चल रहा है। इसके अलावा दो जापानी बुखार के संदिग्ध मरीज भी मिले हैं। उनका भी नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

### उलीडीह में अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत राम नगर में अपराधियों ने मनीष यादव नामक युवक को गोली मार दी। घटना के बाद मनीष को इलाज के लिए तत्काल एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमएच भेजने की तैयारी की जा रही है। मनीष शंकोसाई रोड नंबर 5 का रहने वाला है। उलीडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिली है। गोली मनीष यादव को लगी है। फिलहाल जांच की जा रही है।

### कैट ने कंप्यूटर, लैपटॉप व टैबलेट के आयात पर लगे प्रतिबंध का किया स्वागत

**JAMSHEDPUR :** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्र सरकार द्वारा लैपटॉप, कंप्यूटर और टैबलेट के आयात पर प्रतिबंध लगाने की सराहना की है। इस तरह के कदम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए इन वस्तुओं के घरेलू विनिर्माण और खपत को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया ने कहा कि अब तक विदेशी भारतीय बाजार पर कब्जा कर रहे थे, इससे उपभोक्ता और स्थानीय व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा था। इस कदम से गुणवत्तापूर्ण भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और दूसरे देशों में भारतीय मुद्रा का अनावश्यक प्रवाह रुकेगा। सोंथालिया ने कहा कि इससे रिफर्बिश्ड वस्तुओं की आयात बंद हो जाएगी। हालांकि, इससे ब्रांडेड वस्तुओं के एमओपी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि आयात शुल्क शून्य है। विदेशी कंपनियां भारत को एक विशाल बाजार मानती हैं, उन्हें भारत में अपने विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए भारत में निवेश करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### गोविंदपुर में चलाया गया स्वच्छता आभियान

**JAMSHEDPUR :** गोविंदपुर में सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गोविंदपुर के घरों और साप्ताहिक हाट-बाजार में एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया गया। वही इस अभियान की शुरूआत जिला परिषद के सदस्य डॉ. परितोष सिंह और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वच्छ गोविंदपुर-स्वस्थ गोविंदपुर से की। मौके पर डॉ. सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत गोविंदपुर की जनता को बीमारियों से बचाना एवं पुरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाना है। सिंह ने आम लोगो को भी इस स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने और क्षेत्र में फैली गंदगी को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को सूचित करने के लिये कहा।

# पुलिस ने हत्या की योजना बना रहे दो अपराधियों को किया गिरफ्तार



मीडिया को जानकारी देते एसएसपी प्रभात कुमार व गिरफ्तार अपराधी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में परसुडीह थाना की पुलिस ने बागबेड़ा लाल बिल्डिंग के रहने वाले अनुप चक्रवर्ती उर्फ अनुप बंगाली और उसके साथी परसुडीह हलुदबनी कमायनी रोड निवासी भीम गागराई को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने एक देशी लोडेड पिस्तौल, दो मैगजीन, चार राउंड जिंदा गोली और एक बिना नंबर प्लेट के काले रंग का हीरो स्पेलेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि परसुडीह थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि बागबेड़ा का रहने वाला अनुप चक्रवर्ती नामक अपराधकर्मी कुछ दिनों पहले जेल से छूटा है और अपने प्रतिद्वंदी डोमिनी की हत्या करने के उद्देश्य से आर्म्स लेकर अपने एक साथी के साछ मोटरसाइकिल से हलुदबनी में घुम रहा है। उक्त सूचना के आलोक में परसुडीह पुलिस ने छापामारी की और उसको हथियारों के साथ गिरफ्तार किया, जहां से वह एरिया में भीम गागराई के साथ घुम रहा था। नामोटोला हलुदबनी दुर्गा मंडप के पास से उसको गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ चांडिल रेल थाना, बागबेड़ा, बिष्टुपुर, जुगसलाई, साकची, बागबेड़ा, चाकुलिया रेल थाना, आरपीएफ पोस्ट अनारा, बमार्माइंस, गम्हरिया थाना क्षेत्र, पुरुलिया समेत अन्य इलाकों में केस दर्ज है।

# राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों में दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के तहत 11 से जारी होगा अलॉमेंट लेटर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने जेईई मेन की स्टेट मेरिट लिस्ट के आधार पर राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों में सत्र 2023-24 में प्रवेश के तय किए गए पहले के काउंसलिंग के तहत एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है और अभी भी सभी कॉलेजों में बड़ी संख्या में सीट रिक्त है। इसे भरने के लिए दूसरे राउंड के काउंसिलिंग की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत सीट अलाटमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया सोमवार 7 अगस्त को पूरी हो गयी। ऐसे में अब पर्षद एडमिशन के लिए प्रोविजनल सीट अलाटमेंट लेटर 11 से 19 अगस्त तक जारी किया जाएगा।

दस्तावेजों की जांच और संबंधित संस्थान में प्रवेश भी 12 से 19 अगस्त के बीच निर्धारित की गयी है। ऐसे में सभी कॉलेजों को दूसरे राउंड के एडमिशन के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदित हो कि पहले राउंड की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिकतर इंजीनियरिंग कॉलेजों में 40 से 50 प्रतिशत तक सीट रिक्त रह गयी है। वहीं इन सीटों को भारने के लिए तीसरे राउंड की काउंसिलिंग भी होगी। जिसकी प्रक्रिया 12 अगस्त से शुरू होगी। अगर इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन की बात करें तो सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रों की पहली पसंद है इसके बाद पीपीपी मोड पर चलने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज है। जबकि सबसे अंत में इंजीनियरिंग कॉलेजों का है। इसकी मुख्य वजह फीस है। सरकारी संस्थानों के मुकाबले निजी इंजनियरिंग कॉलेजों में फीस बहुत अधिक है।

**ऐसे संपन्न होगी तीसरे राउंड की काउंसिलिंग**

- आवेदन 12 से 16 अगस्त के बीच भरा जाएगा।
- 19 अगस्त को मेरिट लिस्ट जारी होगी।
- 21 से 24 अगस्त के बीच सीट अलाटमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग होगी।
- प्रोविजनल सीट अलाटमेंट लेटर 28 अगस्त से 2 सितंबर तक होगा।
- दस्तावेजों की जांच और संबंधित संस्थान में प्रवेश भी 29 अगस्त से 2 सितंबर के बीच निर्धारित की गयी है।

## वाणिज्य दिवस पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

# व्यावसायिक गतिविधियों के विषय में बच्चों को दी गई बृहद जानकारी


सम्मान समारोह में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के वर्चुअल रूम में वाणिज्य विभाग के द्वारा वाणिज्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सेक्रेटरी मानव केडिया, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में विजय केडिया तथा किशोर कुमार ओझा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मानव केडिया के द्वारा बच्चों को व्यावसायिक गतिविधियों के विषय में बृहद जानकारी दी गई।

किशोर कुमार ओझा ने कहा कि आज के समय में व्यवसाय में बहुत तरह की चुनौतियां है जिन्हें स्वीकार करने की आवश्यकता है। विजय केडिया जी द्वारा बच्चों को व्यवसाय के विभिन्न प्रायोगिक गति विधियों के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं मंच संचालन प्रोफेसर विनोद कुमार के द्वारा किया गया। अध्यक्षीय भाषण प्रोफेसर मौसमी पाल के द्वारा दिया गया। विषय प्रवेश डॉ डीके मित्रा द्वारा किया गया जिसमे उन्होंने ने विद्यार्थियों को उद्यमिता और उद्यमी पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन किया गया। ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ अजेय वर्मा के द्वारा किया गया तथा संक्षेप में सभी विषय वस्तुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम प्रसाद, फिलास्फी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संतोष राम, बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ संचिता, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ विनय कुमार, डॉ रानी, प्रोफेसर सलोनी ,प्रो प्रमिला, डॉ सुधीर कुमार डॉ प्रशांत कुमार, प्रोफेसर मोहन साहू एवं बृहद संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित हुए।

# वास्तव में सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती : वित्त मंत्री

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** यह सच है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती। हालांकि यह कहने पर सरकारी स्कूलों के शिक्षक उलझ पड़ते हैं। लेकिन पूछने पर यह मानते हैं कि प्राइवेट स्कूलों में अच्छी पढ़ाई होती है। यह बात राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कही। वह यहां सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में पासवा की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यही वजह है जो भी व्यक्ति थोड़ भी सक्षम है वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। प्राइवेट स्कूलों में बेहतर पढ़ाई, अनुशासन आदि वहां की खूबसूरती है। वहां के प्राचार्य, निदेशक और शिक्षक इसे बरकरार रखें। इससे पूर्व अपने संबोधन के क्रम में उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का भी मार्गदर्शन किया।

इससे पूर्व डॉ उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, जिलाध्यक्ष रमण झा समेत गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरूआत की।

# रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिसेस सावन प्रतियोगिता का किया आयोजन

## निशा शर्मा सावन क्वीन व किरण डे को सावन प्रिंसेस का खिताब


मनोज मिश्रा के साथ विजेता। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भूइंयाडीह स्थित छायानगर में सोमवार को मिस सावन क्वीन एवं मिस सावन प्रिंसेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रोटी बैंक के चेयरमैन मनोज मिश्रा उपस्थित थे। प्रतियोगिता में निशा शर्मा को मिस सावन क्वीन एवं किरण डे को मिस सावन प्रिंसेस चुना गया है। प्रतियोगिता तीन राउंड तक चला। जिनमे कैट वाक, मेहंदी लगाओ एवं म्यूजिकल चेयर रेस रखा गया था। मिसेस सावन क्वीन के लिए छायानगर की 22 महिलाओं ने भाग लिया। जबकि मिस सावन प्रिंसेस के लिए 32 युवतियों ने भाग लिया था। विजेता प्रतिभागी को ज्वेलरी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम मे जज की भूमिका मे अनिमा दास, सरोज देवी, सुभश्री दत्ता एवं स्नेहा चंद्रवंशी मौजूद थी। कार्यक्रम में उपस्थित मनोज मिश्रा ने बताया कि छायानगर जैसे स्लम एरिया में पहली बार इस तरह के आयोजन किये गये है। कार्यक्रम को महिलाओं ने काफी एन्जॉय किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रही है। रोटी बैंक के द्वारा निचले पायदान मे रहने वाली महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास जगाने और उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

# सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए शुरू हो रही आवेदन प्रक्रिया

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की ओर से की जाने वाली सबसे बड़ी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। राज्य के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने करीब 26 हजार पदों पर वैकेंसी निकाली गयी है। इसके तहत स्नातक एवं इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार झारखंड स्टाफ सिलेक्शन की ऑफिशियल वेबसाइट www.jssc.nic.in पर जाकर 8 अगस्त से ऑनलाईन आवेदन भर पाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 सितंबर है। जारी नोटिफिकेशन के तहत सामान्य व ओबीसी वर्ग केउम्मीदवारों को 100 रुपए जबकि एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह फीस 50 रुपए तय की गई है। नियुक्ति की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा के जरिए पूरी की जाएगी।

**आयु सीमा :** इस परीक्षा में शामिल होने के लिए सामान्य वर्ग के लिए उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा न्यूनतम 21 साल और अधिक से अधिक 40 साल है। वहीं, रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवार को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी गई है। इनमें एससी-एसटी कैटेगरी के उम्मीदवार को 5 साल की छूट दी गई है, जबकि ओबीसी उम्मीदवार को 3 साल की छूट मिलेगी।

**योग्यता :** इसके लिए तहत स्नातक एवं इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता की बात करें तो इसके लिए ग्रेजुएशन के साथ बीएड कर चुके उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। लेकिन सभी को टेट पास होना जरूरी है। सरकार ने 50 प्रतिशत पद पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित रखा है।

**वैकेंसी डिटेल :**

| | |
|---|---|
| इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक वर्ग | - 5469 पद |
| इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक वर्ग | - 5531 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (भाषा) | - 2459 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (टीजीटी भाषा) | - 2529 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (टीजीटी सामाजिक विज्ञान) | - 2467 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (टीजीटी सामाजिक विज्ञान) | - 2535 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (टीजीटी विज्ञान एवं गणित) | - 2470 पद |
| स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (टीजीटी विज्ञान एवं गणित) | - 2538 पद |

## EAST SINGHBHUM जिले में शुरू हुआ मिशन इंद्रधनुष अभियान

# गर्भवती महिलाओं व 5 वर्ष तक के बच्चों का होगा टीकाकरण



बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाते डॉक्टर। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्य सरकार के निदेशानुसार जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर एवं 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं टीकाकरण से छुटे गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना है।

अभियान के प्रथम चरण का विधिवत शुभारंभ सोमवार को सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने किया। परसुडीह स्थित सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। वहीं, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को शुभकामनाएं दी गई।

उन्होंने सभी माताओं एवं सहियाओं की इस अभियान में परस्पर भागीदारी सुनिश्चित करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए इस अभियान को सफल बनाने को कहा है। उन्होंने सभी माताओं से अपील किया है कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों को मिशन इंद्रधनुष के तहत प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराएं। ताकि बच्चों का समुचित विकास के साथ-साथ उनके रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि हो सकें। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने बताया कि टीकाकरण से पूर्व लाभार्थी का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस संबंध में भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एमओआईसी, बीपीएम समेत स्वास्थ्य विभागीय अन्य पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सभी चरणों में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर केंद्रीय स्तर से इस कार्यक्रम में निगरानी हेतु डॉ. विशाल सिंह, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजेन्द्र नाथ झा, जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के कर्मचारी, सदर अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने मनाया पदस्थापना समारोह


समारोह में उपस्थित लायंक क्लब के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर कालीमाटी ने अपना पदस्थापना समारोह चैंबर भवन में मनाया। इसमें नए कार्यकारिणी का गठन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजीव रंजन ने किया और नए सदस्यों को शपथ फर्स्ट वाइस गवर्नर सीमा वाजपेयी ने दिलवाई। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट रूप में कमल जैन व उनकी पत्नी मंजुला जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पूर्व गवर्नर एवं विभिन्न क्लब के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। समारोह में जिला गवर्नर लायन कमल जैन ने लायंस की ई मैगजीन का उद्घाटन किया। इस मैगजीन की परिकल्पना लायन शुभम वाजपेयी एवं लायन उत्कर्ष वाजपेयी ने की। क्लब ने सभी पूर्व जिला सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# मौसमी प्रकोप

पिछले पंद्रह दिन से देश में आई फ्लू के मामले में जैसी उछाल देखी जा रही है, वैसे पहले नहीं देखी गई थी। लगभग आधा दर्जन राज्यों को इस बीमारी के मद्देनजर दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं। क्या आई फ्लू या कंजंक्टिवाइटिस या नेत्रश्लेष्मलाशोथ एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का विषय बन गया है? आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में इस बीमारी के इलाज का चार अरब डॉलर से ज्यादा का कारोबार है। दुनिया के सभी महादेशों में बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसका जब संक्रमण होता है, तब आंखें लाल हो जाती हैं। खुजली व चुभन होती है और सूजन भी। आंखों से पानी भी बहता रहता है। यह बीमारी या संक्रमण होने का एक कारण नहीं है। वायरल व बैक्टीरियल संक्रमण, एलर्जी और जलन पैदा करने वाले पदार्थों के संपर्क में आने से भी यह बीमारी हो सकती है। यह संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से फैलती है। भीड़भाड़ वाले इलाकों, दफ्तरों में रहने वाले लोगों और स्कूलों में बच्चों की आंखें लाल होने की आशंका सबसे अधिक होती है। भारत में एक ओर, मौसम अस्थिर है, तो दूसरी ओर, तमाम तरह की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं, ऐसे में, आई फ्लू का भय बन गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी लोगों को सावधान किया गया है। ध्यान देने की बात है कि देश के अनेक हिस्सों में लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति के चलते स्वच्छता में भी कमी आई है। उच्च आर्द्रता भी ऐसे रोगों के प्रसार के लिए एक अनुकूल कारक है। क्या कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता घटी है और उसकी वजह से भी संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ गई है? वास्तव में सभी को स्वच्छता बरतने के लिए तत्पर रहना चाहिए। हाथों को साफ रखना भी जरूरी है और अपने चेहरे या आंखों का स्पर्श करने से भी बचना चाहिए। कोरोना के संक्रमण के समय भी यह बार-बार कहा गया था कि अब कुछ वर्षों तक हमें संक्रामक रोगों से कुछ ज्यादा सावधान रहना होगा। वैसे भी वैज्ञानिकों का मानना है कि कंजंक्टिवाइटिस भारत में आम है और ज्यादातर बरसात के मौसम में देखा जाता है। धूप का चश्मा पहनने से संक्रमण को नहीं रोका जा सकता, पर यह किसी व्यक्ति को अपनी आंखों को छूने से रोक सकता है, जो बीमारी के फैलने का एक प्रमुख कारण है। चिकित्सक यह मान रहे हैं कि बारिश का दौर जब तक चलेगा, इस संक्रमण का खतरा बना रहेगा। डेंगू का खतरा भी इन दिनों बढ़ा हुआ है। अकेले त्रिपुरा जैसे राज्य में जहां 180 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं, वहीं दिल्ली में साल 2018 के बाद सबसे ज्यादा मामले देखे जा रहे हैं। डेंगू एक जानलेवा बीमारी है, अतः इसको लेकर ज्यादा चिंता है। यह बीमारी भी जगह-जगह जलभराव और मच्छरों के पनपने से होती है। जाहिर है, यह भी बारिश से जुड़ा संकट है। डेंगू के मरीजों को तीव्र सिरदर्द का अनुभव हो सकता है, जो आंखों में दर्द और असुविधा की स्थिति पैदा कर सकता है। दर्द आमतौर पर आंखों के पीछे केंद्रित होता है और यह डेंगू संक्रमण का एक सामान्य संकेत है, जिससे लोगों को सावधान रहना चाहिए।

# कसौटी पर लोकतंत्र

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बहुचर्चित तोशाखाना मामले में तीन साल जेल की सजा सुनाए जाने के तत्काल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने उन्हें पांच साल के लिए राजनीति के अयोग्य भी करार दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान की मौजूदा संसद का कार्यकाल करीब-करीब पूरा होने को है। माना जा रहा है कि दो सप्ताह में कार्यकाल पूरा करने के बाद संसद को भंग कर दिया जाएगा और नवंबर तक देश में नए चुनाव होंगे। यानी इमरान खान को ऊपरी अदालतों से ठोस राहत नहीं मिली तो वह इन चुनावों में शिरकत नहीं कर पाएंगे। स्वाभाविक ही उनकी पार्टी ढळक ने अदालत के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देने की बात कही है। खुद इमरान खान गिरफ्तारी से पहले तैयार किए गए एक विडियो में लोगों से खुली अपील कर चुके हैं कि वे घरों में चुप होकर बैठे न रहें। उनकी इस अपील को मई में हुई उनकी गिरफ्तारी के संदर्भ से जोड़कर देखा जा रहा है जब पाकिस्तान के कई शहरों में हिंसा, आगजनी और लूटपाट की स्थिति पैदा हो गई थी। इस बार कम से कम तत्काल उस तरह के हालात बनते नहीं दिखे। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद उनकी लोकप्रियता में खासा इजाफा देखा गया। बाद के महीनों में हुए उपचुनावों के नतीजों से भी इसकी पुष्टि हुई। ऐसे में सवाल है कि इमरान खान के खिलाफ आया यह फैसला पाकिस्तान में घटनाओं को कैसा मोड़ देगा। इस मामले में ऊपरी अदालतों का रुख साफ होना अभी बाकी है। मई में हुई गिरफ्तारी के बाद उन्हें हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी। उनकी पार्टी ढळकइस बार भी अदालत के फैसले को पूर्वाग्रह से युक्त बता रही है। लेकिन पाकिस्तान की राजनीति में सेना और कोर्ट का रुख अक्सर चुनावी राजनीति को निर्णायक तौर पर प्रभावित करता रहा है। इमरान खान भी पाकिस्तानी फौज से तनातनी के बाद ही पद से हटे। हालांकि उनके खिलाफ संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसमें उनकी सरकार बहुमत साबित नहीं कर पाई, लेकिन उनका आरोप है कि परदे के पीछे से पाकिस्तानी फौज का दबाव अपना काम कर रहा था। दिलचस्प है कि तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने और तीनों बार फौज या कोर्ट के दखल के कारण पद गंवाने वाले नवाज शरीफ की पार्टी अभी सरकार में है जिसकी अगुआई उनके छोटे भाई शाहबाज शरीफ कर रहे हैं।

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनता भारत

ANALYSIS

डा. जयंतीलाल भंडारी

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ और दिग्गज निवेश बैंक मार्गन स्टेनली की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जापान की अर्थव्यवस्था के स्थिर होने और जर्मनी की आर्थिकी के सुस्त पड़ने से यह बहुत स्वाभाविक भी दिखता है। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक की शोध इकाई इकोरैप की 27 जुलाई को आई रिपोर्ट में भी उल्लेख था कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। तब भारत की जीडीपी के करीब 5.15 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। आर्थिक परिदृश्य पर और भी उत्साहजनक रुझान सामने आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट में भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे आगे पहुंच गया है। इनवेस्को ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार सावरिन वेल्थ फंड के निवेश को लेकर दुनिया के 142 मुख्य निवेश अधिकारियों ने भारत को पहली पसंद बताया है। भारत की आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिरता उसके प्रति धारणा को बेहतर बना रही है। देश में राजकोषीय घाटा कम हो रहा है और राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी जारी है। भारत की आबादी, नियामकीय पहल और सावरिन निवेशकों के अनुकूल माहौल से भी भारत को निवेश की पहली पसंद बनने में मदद मिली है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उनके तीसरे कार्यकाल पर मुहर तो अगले चुनाव के बाद ही लग पाएगी, लेकिन यह तय है कि भारत जल्द ही विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। संप्रति, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले भारत के बारे में दिग्गज वित्तीय संस्थानों का साल भर पहले तक अनुमान था कि वह 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी के पायदान पर पहुंच जाएगा। वहीं, हाल में प्रकाशित रिपोर्ट संकेत करती हैं कि भारत 2027 में ही यह उपलब्धि हासिल कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ और दिग्गज निवेश बैंक मार्गन स्टेनली की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जापान की अर्थव्यवस्था के स्थिर होने और जर्मनी की आर्थिकी के सुस्त पड़ने से यह बहुत स्वाभाविक भी दिखता है। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक की शोध इकाई इकोरैप की 27 जुलाई को आई रिपोर्ट में भी उल्लेख था कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। तब भारत की जीडीपी के करीब 5.15 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। आर्थिक परिदृश्य पर और भी उत्साहजनक रुझान सामने आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट में भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे आगे पहुंच



गया है। इनवेस्को ग्लोबल की रिपोर्ट के अनुसार सावरिन वेल्थ फंड के निवेश को लेकर दुनिया के 142 मुख्य निवेश अधिकारियों ने भारत को पहली पसंद बताया है। भारत की आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिरता उसके प्रति धारणा को बेहतर बना रही है। देश में राजकोषीय घाटा कम हो रहा है और राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी जारी है। भारत की आबादी, नियामकीय पहल और सावरिन निवेशकों के अनुकूल माहौल से भी भारत को निवेश की पहली पसंद बनने में मदद मिली है। इसी कारण निवेश के लिए अब चीन नहीं, बल्कि भारत निवेशकों की पसंद बन रहा है। निवेश बैंक गोल्डमैन सैश के अनुसार भारत की 1.4 अरब की आबादी दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बन गई है तो भारत की जीडीपी में प्रभावी रूप से विस्तार होने के ही आसार हैं। उसने अनुमान लगाया है कि अगले 20 वर्षों के दौरान बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत का निर्भरता अनुपात सबसे कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए नवाचार और बढ़ती श्रमिक उत्पादकता महत्वपूर्ण होने जा रही है। पूंजी निवेश भी भविष्य में विकास का एक महत्वपूर्ण चालक होगा। बढ़ती आय और वित्तीय क्षेत्र के विकास के साथ अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण भारत की बचत दर भी बढ़ने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं कि देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले नौ साल में उन्नत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर करीब 34 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। कारोबारी सुगमता बढ़ाने के लिए भारत रणनीतिक स्तर पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में लोकसभा ने हाल में जिस जन विश्वास (प्रविधान संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दी है, वह उद्योगों को विस्तार देने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कई और प्रभावी कारण भारत के टिकाऊ विकास और कारोबार को गतिशील बना रहे हैं। जैसे भारत की वृद्धि में 60 प्रतिशत का हिस्सा घरेलू खपत और निवेश का है और चूंकि भारतीय बाजार बढ़ती मांग वाला है तो इससे बेहतर भविष्य के ही अच्छे संकेत मिल रहे हैं। भारत का शेयर बाजार भी दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। देश में निरंतर बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और देश के मजबूत राजनीतिक नेतृत्व के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने की संभावनाओं को साकार करने के लिए अभी कई बातों पर ध्यान देना होगा। इसके लिए टिकाऊ आर्थिक वृद्धि एवं निवेश साख को और मजबूत बनाना होगा। नई लाजिस्टिक नीति और गतिशक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान देना होगा। विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों की डगर पर रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। कामकाजी आबादी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी। अभी सीमित संख्या में ही आवश्यक रूप से प्रशिक्षित प्रतिभाएं डिजिटल कारोबार की जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। इसलिए बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआइ, क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अन्य नए डिजिटल कौशल से सुसज्जित करना होगा। विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए के लिए वार्ता तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी भारत ऊंचाई प्राप्त करे। इस कड़ी में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की 30 जुलाई को आई रिपोर्ट सुकून देने वाली है। स्पष्ट है कि इससे आर्थिकी के ऊपर उठने के साथ ही नागरिकों की समृद्धि भी बढ़ेगी।

**लेखक एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च, इंदौर के निदेशक हैं।**

# हिंदी-अंग्रेजी का झगड़ा अब बेमानी

जिस तरह देश की विविध अनुसूचित भाषाओं के लोग यह सोचते हैं कि हिंदी की वजह से उनकी भाषा का प्रभाव कम हो रहा है, उसी तरह हिंदी सेवियों की एक बड़ी तादाद ऐसा मानती है कि अंग्रेजी के कारण हिंदी का प्रसार बाधित हो रहा है। लेकिन खुद अंग्रेजी का क्या हाल है? जब हम एक पूर्ण और सशक्त भाषा की बात सोचते हैं, तो हमारे जेहन में उसके कुछ निश्चित प्रतिमान उभरते हैं। जैसे, उसकी एक विकसित लिपि होगी, ध्वनि संसार होगा, शब्दों का विशाल भंडार होगा। शब्दों की वर्तनी, उनका उच्चारण और अर्थ सुनिश्चित होगा। व्याकरण होगा। उसका अपना साहित्य होगा, जिसे पढ़ने वाले लोग होंगे। और उसे सत्ता (आर्थिक-राजनीतिक) का समर्थन प्राप्त होगा। क्या इन पारंपरिक मानकों पर आज की कोई भी भाषा दावे से खरी उतरती है? अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नई पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है। किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं, और उनके साथ उनके ग्राहक भी। उनके बीच एक नई भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नई भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है। इसके और भी पक्ष हैं। जब हम ऑक्सफोर्ड और वेब्स्टर के शब्दकोशों में सही वर्तनी और हिज्जे ढूंढ रहे होते हैं, तब इंटरनेट पर भेजे जा रहे संदेशों में उन शब्दों के संक्षिप्त रूपों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा होता है। वहां सिर्फ ह्यआय लव यूह्व के लिए इलू (आयएलयू) और ह्यफियर ऑफ मिसिंग यू के लिए फोमूह्व (एफओएमयू) ही नहीं बन रहा है, एक पूरी शब्दावली विकसित हो रही है, जिसमें बीटुबी (बिजनेस टु बिजनेस), केपीआई (की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर), सीपीएम (कॉस्ट पर थाउजेंड) और यूजीसी (यूजर जेनरेटेड कॉन्टेंट) जैसे प्रयोग भी शामिल हैं। ये नए संक्षिप्त शब्द पहले के अनेक शब्दों से बने पूरे फ्रेज को विस्थापित कर देते हैं। आज सिर्फ दोस्तों की अनौपचारिक मंडली में ही नहीं, कॉर्पोरेट की औपचारिक चिट्ठियों, व्यापारिक पत्राचार और तकनीक की दुनिया में भी इस भाषा में लिखित संवाद हो रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया में इन संक्षिप्त रूपों को मान्यता प्राप्त है। इनमें से यदि कोई नवनिर्मित शब्द समझ में न आए तो उसे गूगल कर आसानी से देखा जा सकता है। आज से चार-पांच दशक बाद वाली पीढ़ी के लिए शायद यह जान पाना भी मुश्किल हो कि फोमू किन-किन शब्दों के संक्षेपीकरण से बना है। उसके लिए फोमू ही वह शब्द होगा, जिसके माध्यम से वह अपनी बात कहेगी। फेसबुक पर हर मिनट 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी टिप्पणियां पोस्ट करते हैं और 30 लाख से ज्यादा लोग अपना स्टेटस अपडेट करते हैं। इंस्टाग्राम पर प्रति मिनट करोड़ों की तादाद में पोस्ट किए जाते हैं और मोबाइल से पचास लाख से ज्यादा ट्वीट भेजे जाते हैं। इसी एक मिनट में इंटरनेट की दुनिया में डेढ़ लाख से ज्यादा टेक्स्ट का आदान-प्रदान होता है। हिंग्लिश और चिंग्लिश जैसे नए भाषा रूपों ने अंग्रेजी के व्याकरण की अनिवार्यता को काफी संकुचित कर दिया है। यहां तक कि स्वीडन और फिनलैंड जैसे बाल्टिक देशों के लोग भी अपनी भाषाओं के दायरे से बाहर निकल कर जब कभी टूटी-फूटी अंग्रेजी में संवाद करने की कोशिश करते हैं, तो ज्यादातर वह व्याकरण के नियमों से परे ही होती है। हां, लिपि जरूर रोमन बनी हुई है। नई पीढ़ी तक अंग्रेजी की अपनी वर्तनी बचाने के लिए शिक्षक, संस्थाएं और सरकारें जी तोड़ कोशिशें कर रही हैं। इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड, कनाडा, बहामा, जमैका, गुयाना, दक्षिणी अफ्रीका, यहां तक कि एशियाई देशों में भी युवा छात्रों के लिए स्पेलिंग और हिज्जे की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफियां दी जा रही हैं। लेकिन शब्दकोश, व्याकरण की पढ़ाई और भाषा संरक्षण के तमाम उपायों के बावजूद अंग्रेजी अपने को संभाल नहीं पा रही है। टेक्नॉलजी और वैश्वीकरण ने आज की सभी भाषाओं की जड़ें हिला दी हैं। भाषाओं के पारंपरिक ढांचे दरकते हुए नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन में युवा छात्रों द्वारा अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी की उपेक्षा और हिंदुस्तान में निरक्षरों द्वारा अपने मोबाइल फोन पर आए कॉलर नंबर को उनकी आकृति या विशिष्ट रिंग टोन से पहचानने की प्रवृत्ति को अभी तक हम दो अलग-अलग स्थानीय सामुदायिक व्यवहारों की तरह देख रहे हैं। शायद हम इन दोनों के बीच के संबंध को पहचान नहीं पा रहे। ये वैश्विक स्तर पर बहुत तेजी से अपना साम्राज्य बढ़ा रही अंग्रेजी भाषा के मानक रूप के क्षरण के कुछ उदाहरण हैं। लेकिन हमारे भाषाई व्यवहार में ऐसे और भी कई संकेत देखने को मिल रहे हैं। भाषाएं मरती नहीं, वे अपना रूप बदलती हैं, कुछ अवशेषों के साथ। अंग्रेजी भी अपनी लिपि और कुछ ध्वनियों के साथ दूसरी भाषाओं की तुलना में शायद कुछ ज्यादा लंबे समय तक बनी रहे, लेकिन वह अंग्रेजी यह अंग्रेजी नहीं होगी।

# Social Media Corner

सच के हक में...



जिसे आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में वर्णित किया जा सकता है, उसके लिए पुडुचेरी एक अद्भुत गंतव्य है। आध्यात्मिक पर्यटन तेजी से एक वैश्विक चलन बनता जा रहा है। इसमें इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूत बढ़ावा देने की क्षमता है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



रवीन्द्रनाथ टैगोर जी शब्दों के उस्ताद थे जिन्होंने साहित्य की अपनी अपार शक्ति का उपयोग लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए किया। कवि गुरु के उज्ज्वल ज्ञान ने भारत को उत्पीड़न के अंधेरे के बीच स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनके विषयों की सार्वभौमिकता और उनकी अंतर्दृष्टि की शाश्वतता एक शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण के पथ पर एक प्रकाशस्तंभ की तरह हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। उनके स्मरण दिवस पर, मैं ऋषि को हृदय से नमन करता हूं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



आदिवासी महोत्सव की झलकियों के नाम पर रांची की सड़कों पर सिर्फ.पिता-पुत्र की झलकियां दिख रही है। सत्ता के अहंकार में चूर सोरेन राज परिवार झारखंड के वीर सपूतों और महान क्रांतिकारियों का भी तिरस्कार करने लगा है। याद रखिए, अहंकार का अंत निश्चित है।

**(पूर्व सीएम बाबू मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# सीपीआर से बच सकती है जान

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, अचानक हृदय की मृत्यु तब होती है जब किसी व्यक्ति में बिना किसी पूर्व स्थिति के, जो घातक प्रतीत होती है, कम समय अवधि में, आमतौर पर लक्षणों की शुरूआत से =1 घंटे के भीतर, हृदय संबंधी कारणों से अप्रत्याशित प्राकृतिक मृत्यु होती है। यह तब हो सकता है जब या तो हृदय धड़कना बंद कर दे या जीवन के लिए पर्याप्त रक्त पंप करने में असमर्थ हो। आमतौर पर, कोरोनरी धमनी रोग के कारण बड़े पैमाने पर दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। अन्य कारणों में हृदय संबंधी अतालता, हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी जैसे संरचनात्मक हृदय दोष, हृदय की सूजन (मायोकार्डिटिस), इलेक्ट्रोलाइट असामान्यताएं, और हृदय की संचालन प्रणाली में समस्या, अज्ञात जन्मजात हृदय दोष या आनुवंशिक कार्डियोमायोपैथी शामिल हैं। जीवित बचे अधिकांश लोगों ने बताया है कि अचानक कार्डियक अरेस्ट होने से पहले उन्हें किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं हुआ था। हालाँकि, कुछ रोगियों को अचानक कार्डियक अरेस्ट होने से कुछ समय पहले चक्कर आना, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, डूबने या बेहोश होने का एहसास हुआ। यह जरूरी नहीं है कि हार्ट अटैक के दौरान अचानक हृदय की मृत्यु हो जाए। दिल का दौरा पड़ने के शुरूआती या देर के समय में, जब हृदय की मांसपेशियों का एक हिस्सा मृत या घायल हो जाता है, तो यह विद्युत आवेग के लिए एक असामान्य चैनल के रूप में कार्य कर सकता है और हृदय संबंधी अतालता का कारण बन सकता है। इसलिए दिल की किसी भी बीमारी के बाद इलाज कराना और नियमित जांच कराना बेहद जरूरी है। इस प्रकार बच्चों में बचपन से ही किसी भी जन्मजात हृदय रोग की जांच करने के लिए निर्देशित किया जाता है। इसके अलावा, स्कूलों और कॉलेजों में उन्हें अत्यधिक शारीरिक खेलों में शामिल करने से पहले हृदय संबंधी जांच की जानी चाहिए। इसमें व्यक्तिगत और पारिवारिक इतिहास की जांच, सामान्य शारीरिक परीक्षण, साथ ही केंद्रित हृदय संबंधी मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। व्यक्तिगत इतिहास में धड़कन, बेहोशी, सीने में परेशानी, सांस फूलना, जन्मजात हृदय रोग का कोई इतिहास, या यहां तक ??कि किसी भी कारण से हृदय रोग के लिए पूर्व परीक्षण का कोई भी इतिहास शामिल होना चाहिए। पारिवारिक इतिहास में परिवार में अचानक हृदय संबंधी मृत्यु का इतिहास, संरचनात्मक या विद्युतीय शिथिलता सहित ज्ञात हृदय रोग का कोई इतिहास, परिवार में दिल के दौरे का कोई इतिहास, पेसमेकर या आईसीडी प्रत्यारोपण का इतिहास और उसका कारण शामिल होना चाहिए। यदि कोई भी इतिहास सकारात्मक है या यदि परीक्षा के दौरान संकेत दिया गया है, तो आगे के परीक्षण किए जा सकते हैं जिनमें ईसीजी और इकोकार्डियोग्राफी शामिल हो सकते हैं। इतिहास या परीक्षण में किसी सकारात्मक परिणाम के बिना नियमित परीक्षण आमतौर पर बच्चों या युवा वयस्कों में निर्देशित नहीं किया जाता है। अचानक कार्डियक अरेस्ट का उपचार शुरूआती समय में महत्वपूर्ण है और इसे आस-पास के व्यक्ति द्वारा शुरू किया जाना चाहिए, भले ही वह चिकित्सा पेशेवर न हो। विशेषज्ञ चिकित्सा सहायता आने से पहले प्रारंभिक सीपीआर जीवन बचाने वाला हो सकता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने स्कूलों में 12 वर्ष की आयु से सीपीआर प्रशिक्षण की सिफारिश की है। यह हमारे परिवेश को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है जब हममें से अधिकांश लोगों के पास विशेषज्ञ सहायता आने से पहले आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने के बारे में प्रशिक्षण और ज्ञान होगा। इसमें प्रारंभिक पहचान, प्रभावी सीपीआर, एईडी का उपयोग और अस्पताल तक सुरक्षित परिवहन जैसी बुनियादी गतिविधियां शामिल हैं।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



असुर अखड़ा मोबाइल रेडियो सामुदायिक रेडियो के इतिहास में एक तुलनीय उदाहरण के रूप में है। इसकी तारीफ इसलिए भी की जानी चाहिए क्योंकि यह न तो फ्रीक्वेंसी आधारित ब्राडकास्टर हैं और न ही इसके पास अपना कोई व्यवस्थित स्टूडियो है। इसका संचालन करने के लिए कहीं से सरकारी या गैर-सरकारी मदद भी नहीं मिलती है। खतरे में पड़ी अपनी भाषा और पुरखों की ज्ञान परंपरा को बचाने के लिए इस रेडियो का संचालन किया जा रहा है। असुर अखड़ा मोबाइल कम्युनिटी रेडियो की शुरूआत 2020 की जनवरी में की गई थी। बिना फ्रीक्वेंसी वाला यह देश का एकमात्र और अनूठा रेडियो है जिसका प्रसारण पारंपरिक रूप से लगने वाले स्थानीय साप्ताहिक बाजारों में पीए सिस्टम और इंटरनेट के साउंडक्लाउड, यूट्यूब आदि माध्यमों द्वारा किया जाता है। रोपनी असुर, असिंता असुर, सुखमनिया असुर, रोशनी असुर, मनिता असुर, चैत असुर, मेलन असुर और अजय असुर इसके प्रोग्रामर हैं जबकि सुषमा असुर, विवेक असुर और रमेश असुर इस अनूठे रेडियो के जाकी हैं। विलुप्त होती असुर भाषा-संस्कृति के संरक्षण और प्रसार के लिए झारखंड की राजधानी रांची से करीब 180 किलोमीटर दूर दुर्गम नेतरहाट के पहाड़ी गांवों में इसका संचालन भारत के सामुदायिक रेडियो के इतिहास में एक अतुलनीय उदाहरण है। विश्व आदिवासी दिवस पर आठ से 10 अगस्त को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित होनेवाले साउथ एशियन कम्युनिटी रेडियो कान्फ्रेंस में झारखंड की वंदना टेटे को आमंत्रित किया गया है। टेटे असुर अखड़ा मोबाइल रेडियो की को-आर्डिनेटर और देश की जानीमानी आदिवासी लेखिका हैं।

**प्रभात भूषण, कांके विधायक प्रतिनिधि।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## पांचवीं सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**CHAIBASA :** श्रावण मास की पांचवी सोमवारी पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना लगा रहा। सोमवार सुबह से ही सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे थे। मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए थे ताकि किसी भी श्रद्धालु को जलाभिषेक में परेशानी नहीं हो। सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा जो श्रद्धालु पूजा का सामान नहीं लेकर आए है उन्हें पूजा की सामग्री दी जा रही है।

## संबलपुरी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, मिला पुरस्कार



**SAMBALPUR :** जिला प्रशासन द्वारा संबलपुरी दिवस पर सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह स्थानीय संस्कृति भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ जिलापाल अभिमन्यु बेहरा, उपजिलापाल दाशरथी सराबू, हॉलीवुड अभिनेता प्रदीप दत्त, बीजद के वरिष्ठ नेता पंचा बारला और गौरांग धल उपस्थित थे। इस पवित्र दिन के उपलक्ष्य में सुंदरगढ़ कलाकार मंच द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुंदरगढ़ कलाकार मंच ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## दीपिका हस्तकरघा केंद्र में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना



**ODISHA :** दीपिका महिला जागृति संस्थान, सेक्टर-2 के दीपिका हस्तकरघा केंद्र में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। दीपिका महिला समिति की अध्यक्षा एवं समारोह की मुख्य अतिथि सीमा भौमिक ने बुनकरों के साथ मिलकर केक काटा। कार्यक्रम में डीएमएस की उपाध्यक्षा हर्षला सूर्यवंशी, हिरण्मयी सत्पथी, समापिका साहू, जयश्री होता और नम्रता वर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) मुनमुन मित्र, सहायक महा प्रबंधक (सीएसआर) टीबी टोप्पो, सचिव डीएमएस निधि सिंघल, डीएमएस के शासी निकाय के सदस्य और कर्मचारी मौजूद थे। समारोह में हस्थकरघा केंद्र के प्रशिक्षकों और प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। मौके पर हस्तकरघा साड़ियों और संबंधित राज्यों पर आधारित एक संक्षिप्त तटस्थलीय क्विज का आयोजन किया गया। प्रत्येक सही उत्तर के लिए विजेताओं को केंद्र में बना विशेष हथ-करघा यात्रा पाउच दिया गया।

## शिशु मंदिर में हरा परिधान प्रतियोगिता, दीपिका पांडे प्रथम



**CHAIBASA :** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर नोवामुंडी में सोमवार को श्रावण महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव में हरे परिधान की प्रतियोगिता में बहनों ने हरे रंग की साड़ी धारण कर हरियाली को दशार्ते हुए फूल पत्तों से शृंगार किया और रैम्प वॉक करते हुए प्रकृति पर विचार रखे। इसमें सभी बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा अष्टम से कक्षा दशम तक की बहनों ने प्रतिभागिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सुंदर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपिका पांडे, द्वितीय स्थान लिप्सा केराई, तृतीय स्थान सुमन सुलंकी को प्राप्त हुआ। गुरु मां ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से बहनों का कौशल विकास होता है और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

## PROJECT रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रूव लर्निंग के संचालन के लिए कार्यशाला का आयोजन

# प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्व का निर्वहन करना अति महत्वपूर्ण : डीसी




कार्यशाला में उपस्थित उपायुक्त अनन्य मित्तल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पिल्लई सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल के अध्यक्षता में राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के कक्षा 1 से कक्षा 12 के विद्यालयों/ महाविद्यालयों में अगस्त-2023 माह से आयोजित किए जाने वाले सप्ताहिक जांच परीक्षा के निमित्त प्रोजेक्ट रेगुलर एसेसमेंट फॉर इंप्रूव लर्निंग (RAIL) की संचालन के लिए मानक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को पौधा प्रदान कर स्वागत पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में अपने संबोधन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला अंतर्गत शुभारंभ किये जा रहे इस नवाचारी प्रयोग हेतु जारी संचालन प्रक्रिया को आत्मसात करते हुए प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने-अपने दायित्व का निर्वहन किया जाना, अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान बताया कि साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु कक्षावार एवं विषयवार साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम तथा साप्ताहिक जाँच परीक्षा की समय-सारणी का निर्धारण जे.सी.ई.आर.टी.- राँची द्वारा किया गया है, जो गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से राज्यान्तर्गत सभी डायट के प्राचार्य को उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यशाला में बताया गया कि प्रोजेक्ट रेल का संचालन राज्य के सभी 24 जिलों के सरकारी-अर्द्धसरकारी, प्रस्वीकृति प्राप्त, गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) विद्यालयों में लागू किया जा रहा है। प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-कुंजिका का निर्माण प्रारंभ में 02 महीनों तक सभी कक्षा के सभी विषयों के साप्ताहिक जाँच परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकृति के होंगे। कार्यशाला में सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी-जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित सभी संलग्न विद्यालयों के प्राचार्य व अन्य उपस्थित रहे।

## राउरकेला स्टील प्लांट के टी एंड आरएम विभाग में ओवरहॉल्ड लोको चालू



टी एंड आरएम विभाग के कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट ने कच्चे माल (टीएण्डआरएम) विभाग में सोमवार को एक ओवरहॉल्ड लोकोमोटिव को चालू किया गया। कमीशनिंग के उपलक्ष्य में विभाग में आयोजित कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (वर्क?स) ने आवधिक ओवरहॉल्ड लोकोमोटिव नंबर 1422 का उद्घाटन किया। मुख?य महा प्रबंधक (मेकेनिकल) आरएन राजेंद्रन, मुख?य महा प्रबंधक (सेवाएं) एमएनवीएस प्रभाकर, महा प्रबंधक प्रभारी (टीएण?डआरएम) हीरालाल महापात्र, अनुभागीय प्रमुख और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ टीएंडआरएम विभाग के कर्मचारी भी समारोह में शामिल हुए।

एसआर सूर्यवंशी ने ओवरहाल किए गए लोकोमोटिव का जायजा लिया और कमीशनिंग के प्रतीक के रूप में इंजन चलाया। उन्होंने कर्मीसमूह से लोकोमोटिव का सर्वोत्तम उपयोग करने और संयंत्र को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उनसे विभाग में समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

## जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज में मना कॉमर्स डे

**CHAIBASA :** जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज में सोमवार को कॉमर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि कॉमर्स की पढ़ाई वर्तमान की पढ़ाई होती है इसमें मौजूद अर्थव्यवस्था और लेन-देन की पढ़ाई की जाती है। उन्होंने कहा कि सभी को किसी न किसी रूप में कॉमर्स की पढ़ाई की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इस पढ़ाई के माध्यम से आज कई लोग एक अच्छे उद्यमी के रूप में अपना योगदान देश में दे रहे हैं। कॉमर्स की पढ़ाई सभी मायने में सबसे अच्छी होती है। उन्होंने कॉमर्स डे पर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि कॉमर्स के महत्व और इसकी महत्ता को हमलोगों को सभी को बताना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कॉमर्स के प्रति जागरूक हो सकें।

## जागृति के हरियाली तीज मेला में महिला उद्यमियों ने लगाए स्टॉल



तीज मेला में शामिल महिलाएं व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा अग्रसेन भवन में हरियाली तीज मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महाराजा अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष केदारनाथ खेरिया ने किया। हरियाली तीज मेला महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल में महिला उद्यमी अपने उत्पादों की बिक्री की।

तीज मेला में राउरकेला के साथ कटक, कोलकाता, पत्थरगांव से महिला उद्यमियों, युवतियों ,बच्चों के गारमेंट्स, जन्माष्टमी के लिए लड्डू गोपाल के पोशाक, झूला, पौधें और रक्षाबंधन के लिए फैंसी राखियों के स्टॉल लगाए। व्यंजन के स्टॉल में भारी भीड़ लगी। जागृति की अध्यक्ष बरखा जैन और प्रोग्राम अध्यक्ष संगीता अग्रवाल की टीम की भूमिका अहम रही। पूर्व अध्यक्ष अनु मारोठिया, मृदुला मारोठिया, नैना अग्रवाल, सचिव अनामिका मित्तल ,कोपाध्यक्ष सारदा अग्रवाल, तीज मेला संयोजिका संगीता अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल समेत जागृति की सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

## कुंटा गांव के ग्रामीण एसडीओ से मिले समस्याओं के समाधान को लेकर की चर्चा



एसडीओ से चर्चा करते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कुंटा गांव के ग्रामीणों ने मुखिया के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) से मुलाकात की और गांव के 10 लोगों पर धारा 107 के तहत दर्ज मामले को खत्म करने का अनुरोध किया है। मुखिया ने कहा कि अनुमंडल प्रशासन द्वारा गांव के जिन 10 लोगों के पर मामला दर्ज किया है वह गलत है। मुखिया व गांव के लोगों ने मांग की है कि पूरे कुंटा गांव में जितने भी ग्रामीण हैं सभी पर 107 का मामला दर्ज किया जाए।

पिछले दिनों कुंटा गांव में गोप समुदाय के लोग वहां के लोगों के पशुओं को चराने का कार्य किया करते थे। अब गोप समुदाय ने गांव के लोगों के पशुओं को चराने से इंकार कर दिया है। गांव के लोगों ने उन्हें बहुत समझाया भी कि ऐसा करना ठीक नहीं है आप अपना कार्य करते हुए गांव के पशुओं को चराने का भी कार्य कर सकते हैं पर गोप समुदाय के लोग नहीं माने। इसके बाद गांव के लोगों ने गोप समुदाय के लोगों का आने जाने का रास्ता बंद कर दिया। रास्ता बंद करने का मामला अनुमंडल पदाधिकारी तक पहुंची तो तब अनुमंडल पदाधिकारी ने स्थिति का जायजा लिया और गांव के उन 10 लोगों के पर धारा 107 के तहत मुकदमा कर दिया। उसी मसले के निदान को लेकर गांव के लोग सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी से मिलने आए थे पर इस समस्या को कोई निष्कर्ष नहीं निकला। अगले बैठक में पुनः इस मामले के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## सहायक प्रोफेसरों ने धनबाद SSLNT कॉलेज की घटना का किया विरोध

**CHAIBASA :** आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसरों ने धनबाद के एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की घटना का पुरजोर विरोध किया है। ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज और महिला कॉलेज के प्रोफेसरों ने प्राचार्य और प्रशासन के शोषित व्यवहार के चलते इतिहास विभाग की डॉ. वीणा शर्मा द्वारा आत्महत्या करने के प्रयास का कड़े शब्दों में निंदा की है। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि धनबाद की घटना यह दशार्ता है कि आज भी आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसरों को प्राचार्य और कॉलेज प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री से कार्रवाई करने की संघ करेगा मांग झ डॉ. वीणा शर्मा

ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज के डॉ. मुरारी लाल बैध और महिला कॉलेज की आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापिका डॉ।.अंजना सिंह ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धनबाद के एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में जो घटना हुई है उसका हमलोग विरोध करते हैं और सरकार से संघ यह मांग करता है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच हो। डॉ. अंजना ने कहा कि एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय के प्रशासन ने डॉ. वीणा शर्मा को प्रताड़ित करते हुए उनके मानदेय में कटौती की जिससे आहत होकर शिक्षिका ने आत्महत्या का प्रयास किया।

## श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने बच्चों के साथ मनाया फ्रेंडशिप डे, बांटा उपहार



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री शारदा प्रसाद (ऊपर) एसटी-एससी हॉस्टल के विद्यार्थी (नीचे)। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला छेंद कॉलोनी के निकट आकांक्षा एसटी-एससी हॉस्टल के विद्यार्थियों के साथ सोमवार को राज्य के श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने फ्रेंडशिप डे मनाया। राज्य सरकार की तरफ से बनाए गए इस हॉस्टल में एसटी- एससी विद्यार्थियों के लिए रहने खाने की मुफ्त व्यवस्था है। अलग अलग इलाकों से आकर एसटी एसटी विद्यार्थी कॉलेज और स्कूलों में पढ़ते है। पहले एसटी एससी छात्र और छात्राओं को पढ़ने में बहुत असुविधा होती थी। अब इस हॉस्टल से 480 छात्र और 480 छात्राओं का रहने और खाने की व्यवस्था की गई है। श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने सोमवार को उनके नाश्ता के साथ उन्हे उपहार भी दिए। श्रम मंत्री ने ओड़िशा के सीएम को इस सुविधा के लिए बच्चों की तरफ से धन्यवाद दिया।

## लायंस क्लब चाईबासा व लायंस क्लब चाईबासा लावण्या का संयुक्त पदस्थापना समारोह संपन्न

# क्लबों ने सत्र 2022-23 के कार्यों का लेखा-जोखा किया प्रस्तुत



कार्यक्रम में उपस्थित दोनों क्लबों के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सनशाइन रेस्टोरेंट में लायंस क्लब चाईबासा एवं लायंस क्लब चाईबासा लावण्या का संयुक्त पदस्थापना समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश की स्तुति गणेश वंदना, सक्षम फिरोजीवाला के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता, अध्यक्ष आनंद टाइब्रेवाल एवं अध्यक्षा शालिनी सराफ ने की। समारोह के मुख्य अथिति जिलापाल कमल जैन, विशिष्ट अतिथि उप जिलापाल सीमा बाजपाई, इंस्टॉलेशन ऑफिसर राजीव रंजन, इंडक्शन ऑफिसर नलिनी मुखर्जी, रीजन चेयरपर्सन सुभम बाजपाई ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का उद्घाटन किया।

सत्र 2022-23 में लायंस क्लब चाईबासा के सचिव साकेत चौबे एवं लायंस क्लब चाईबासा लावण्या की सचिव श्वेता प्रकाश की अनुपस्थिति में ज्योति रुंगटा के द्वारा सचिव प्रतिवेदन पढ़ा गया एवं सभागार में उपस्थित माननीय मंचासीन अतिथियों एवं सदस्यों के बीच दोनों क्लब के द्वारा साल भर किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत सत्र 2022-23 में लायंस क्लब चाईबासा के अध्यक्ष रहे आनंद टाइब्रेवाल एवं लायंस क्लब चाईबासा लावण्या की अध्यक्षा रही शालिनी सराफ ने सदस्यों के बीच उनके द्वारा किए गए प्रोजेक्ट में उनकी भागीदारी के तहत सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर के पुरस्कृत किया।

इसके बाद नए सदस्यों को शपथ लायन नलिनी मुखर्जी, पूर्व जिलापाल के द्वारा दिलवाया गया। लायंस क्लब चाईबासा में 5 नए सदस्यों एवं लावण्या में 3 नए सदस्यों ने शपथ लिया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इंस्टॉलेशन ऑफिसर, लायन राजीव रंजन, पूर्व जिलापाल ने दोनों क्लब के सदस्यों को सत्र 2023-24 के लिए शपथ दिलवाई एवं नई टीम लायंस क्लब चाईबासा से अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सचिव राहुल सराफ, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं लावण्या से अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल, सचिव पिंकी भलोतिया, कोषाध्यक्ष मनीषा फिरोजी वाला को पदस्थापित किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन सचिन अग्रवाल एवं अध्यक्षा लायन पिंकी अग्रवाल ने आगामी सत्र के लिए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य की रूपरेखा सभागार में उपस्थित सदस्यों के बीच रखा। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि प्रथम उप जिलापाल, सीमा भाजपाई के द्वारा दोनों क्लब के सदस्यों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें आगामी सत्र में और भी अच्छा कार्य कर लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वारा चयनित कार्यों को करने के लिए आशीर्वचन दिया।

मुख्य अतिथि जिलापाल कमल जैन ने अपने संबोधन में कहां की दोनों क्लब काफी अच्छा कार्य करते आ रहे हैं और उम्मीद है आगामी सत्र में भी पुराने कार्यों के साथ-साथ नई कार्यों को करते हुए समाज को बेहतर करने की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

मंच संचालन कुणाल सराफ एवं पल्लवी राठौर के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन नितेश फिरोजीवाला के द्वारा दिया गया।

कल के समारोह में दोनों क्लब से काफी संख्या में सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## राउरकेला बोल बम कमेटी की ओर से भजन संध्या व भंडारा आयोजित



भजन प्रस्तुत करते कलाकार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** पनपोष रोड़ मेफेयर होटल के सामने राउरकेला बोलबम मार्केट कमेटी के द्वारा सावन के पांचवे सोमवार पर भजन संध्या आयोजित हुई। नागार्जुन भजन एवं जागरण म्यूजिक के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। भगवान शिव पार्वती समेत अन्य देवी देवताओं के भजन का कांवरियों ने लुत्फ उठाया। इस दौरान भोग का वितरण भी हुआ। कांवरियों के लिए खीर, पूड़ी सब्जी, पीने के पानी की व्यवस्था मार्केट कमेटी के द्वारा की गई थी। वहीं राउरकेला के अन्य संगठनों के द्वारा भंडारा, चाय, पानी की व्यवस्था कांवरियों के लिए की गई थी।



# सनी लियोन ने की अनुराग कश्यप की तारीफ

एक्ट्रेस सनी लियोन ने डायरेक्टर अनुराग कश्यप की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनमें लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। सनी ने बताया, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह एक जादूगर हैं। उनके पास लोगों को अलग नजरिए से देखने की क्षमता है, जो उन्हें खास बनाती है। वह चुनते हैं कि वह किसके साथ काम करें और कैसे उनकी मदद करें, पेशेवर या व्यक्तिगत रूप से उनका कैसे पालन-पोषण करें। वह अद्भुत व्यक्ति हैं। एक्ट्रेस ने एक सवाल के जवाब में कहा, वास्तव में जीवन में कुछ भी हो सकता है और एक फोन कॉल के भीतर आपका जीवन बदल सकता है। मैं कान में इस बड़ी शुरुआत और कैनेडी को कई फेस्टिवल्स से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने के बाद जो कुछ भी होने वाला है, उसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म कैनेडी में राहुल भट्ट भी हैं। नियो-नोयर थ्रिलर फिल्म अग्ली (2013) और दोबारा (2022) के बाद यह तीसरी बार है, जब कश्यप और भट्ट एक साथ काम कर रहे हैं।

# सिमरत को गदर 2 का बेसब्री से इंतजार

बालीवुड एक्ट्रेस सिमरत कौर, सनी देओल, अमीषा पटेल के साथ अपनी बड़ी बॉलीवुड फिल्म गदर 2 का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।गदर 2 में उनके आने को लेकर ही लोगों में बहुत नाराजगी थी और वे शुरू से ही सिमरत को फिल्म में लेने की बात से नाराज थे। डर्टी हरी और हिंदी फिल्म सोनी सहित कुछ तेलुगू फिल्मों की वजह से सिमरत को भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब आखिरकार सिमरत ने उस ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी है जो उन्हें एक साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म में लिए जाने पर मिल रही है। एक्ट्रेस का मानना है कि लोग हमेशा उन्हें किसी न किसी बात पर आंकेंगे। अब तक खुद को मिली ट्रोलिंग के बारे में बात करते हुए सिमरत कौर ने से कहा, मैं एक सेंसेटिव और इमोशनल औरत हूं। जब मैं एक्ट्रेस नहीं थी, तब भी मैं दूसरों को जज करती थी और सोशल मीडिया पर अपनी राय जताती थी। लेकिन मैं जानती हूं कि जब हम कोई घटिया कमेंट करते हैं तो इससे सामने वाले को ठेस पहुंच सकती है। इसलिए, मैं सोशल मीडिया पर अपनी बातें लिखने से पहले हमेशा सोचती थी। ये बिज़नेस का एक हिस्सा है। ये जिंदगी भर चलता रहेगा।



# सुहाना ने चुराई सारी लाइमलाइट



बालीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप की सगाई पार्टी में स्पॉट किया गया, जहां वह ब्लू कलर की साड़ी पहनकर पहुंची और सारी लाइमलाइट चुरा ली। सुहाना के साड़ी लुक के चर्चे अब सोशल मीडिया पर खूब हो रहे हैं। लुक की बात करें तो सुहाना खान दोस्त आलिया और शेन ग्रेगोइरे की सगाई पार्टी में ब्लू कलर की साड़ी पहनकर पहुंची। इसके साथ उन्होंने हाथ में मैचिंग पर्स कैरी किया। मिनिमल मेकअप और खुले बालों से लुक को कंप्लीट करती हुई सुहाना पार्टी में अपने स्टनिंग लुक के खूब जलवे बिखेरती दिखीं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती दिखीं। फैंस को सुहाना का ये लुक खूब पसंद आ रहा है और वो उनकी खूब तारीफ भी करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि सुहाना को सुर्खियों में रहना अच्छे से आता है। वह अपने लुक्स और फैशन सेंस से अक्सर लाइमलाइट बटोती नजर आती हैं।

# मुगल-ए-आजम की 63वीं वर्षगांठ पर सायरा बानो ने इंस्टा पर लिखा भावुक नोट



**दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर स्टारर क्लासिक फिल्म मुगल-ए-आजम की 63वीं वर्षगांठ पर अभिनेता दिलीप को याद करते हुए दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक नोट लिखा है।**

5 अगस्त 1960 में प्रदर्शित हुई फिल्म मुगल-ए-आजम को के. आसिफ ने बनाया था, जिसमें पृथ्वीराज कपूर, दिलीप कुमार, मधुबाला और दुर्गा खोटे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म मुगल-ए-आजम मुगल राजकुमार सलीम और दरबारी नर्तकी अनारकली (मधुबाला द्वारा अभिनीत) की प्रेम कहानी है। सलीम के पिता, सम्राट अकबर (पृथ्वीराज द्वारा अभिनीत) इस रिश्ते को अस्वीकार करते हैं, जिसके कारण पिता और पुत्र के बीच युद्ध होता है। अभिनेत्री सायरा बानो ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें हम इस फिल्म की झलक देख सकते हैं। वीडियो में फिल्म के ब्लैक एंड व्हाइट और रंगीन दोनों अंश दिखाए गए हैं। इसमें दिवंगत लता मंगेशकर की लोकप्रिय गीत, प्यार किया तो डरना क्या और मोहे पनघट पे मौजूद हैं। उन्होंने एक नोट में लिखा, भारतीय सिनेमा के इतिहास में, किसी भी फिल्म ने दर्शकों के दिलों पर मुगल-ए-आजम जितनी गहरी छाप नहीं छोड़ी है। के. आसिफ की यह फिल्म भारतीय फिल्म निर्माण की महिमा के लिए एक कालातीत प्रमाण के रूप में खड़ी है। इस फिल्म में साहेब की मनमोहक भूमिका ने इसमें अतिरिक्त परत जोड़ दी है। उन्होंने आगे कहा, साहेब का किरदार सलीम मंत्रमुग्ध करने वाला था। चरित्र में जान डालने की उनकी क्षमता, चाहे कोमल रोमांस के क्षण हों या भयंकर विद्रोह, देखने लायक थे। उनका शक्तिशाली प्रदर्शन आज तक दर्शकों दिलों में गूंजता है। सायरा ने आगे लिखा कि मुगल-ए-आजम समय की सीमाओं को पार करती है। उन्होंने साझा किया,फिल्म की समाप्ति तक की यात्रा अपने आप में किसी महाकाव्य गाथा से कम नहीं थी, जो आश्चर्यजनक रूप से दस वर्षों तक चली। लुभावनी राजसी शीश महल से लेकर ठुमरी जैसी कालजयी संगीत धुनों तक, फिल्म के हर पहलू पर विस्तार से ध्यान दिया गया। नौशाद द्वारा बनाई गई मोहे पनघट पे और कव्वाली तेरी महफ़िल में में सौंदर्यपूर्ण रूप से लेकर मनमोहक वेशभूषा तक सब दिखाया गया है। फिल्म आज भी सिनेमाई प्रतिभा का एक प्रतीक बनी हुई है, जो हमें भारतीय सिनेमा की कलात्मक ऊंचाइयों की याद दिलाती है। यह फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं की पीढ़ियों को प्रेरित करती है, यह याद दिलाती है कि सच्ची कलात्मकता की कोई सीमा नहीं होती है और यह समय की कसौटी पर खरी उतरती है। मुगल-ए-आजम डिजिटल रूप से रंगीन होने वाली पहली फिल्म थी जो पहली बार थिएटर में दोबारा रिलीज हुई थी। फि ?ल्म का रंगीन संस्करण 12 नवंबर 2004 को रिलीज किया गया था।



# अल्लू ने शुरू की पुष्पा-द रूल के एक और शेड्यूल की शूटिंग

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। अल्लू अर्जुन ने हाल ही में हैदराबाद के लोकप्रिय रामोजी राव स्टूडियो में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के एक और मैराथन शूटिंग शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। यह खबर अल्लू अर्जुन के सभी उत्साही फैंस के लिए यकीनन एक सौगात के रूप में सामने आई है, जो अपने पसंदीदा सुपरस्टार को बिग स्क्रीन्स पर वापस एक्शन में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैसे जब से निर्माताओं ने पुष्पा- द रूल का पोस्टर और टीज़र जारी किया है, इसने दुनिया भर के दर्शकों के बीच भारी उत्सुकता और प्रत्याशा पैदा कर दी है। एक सूत्र ने बताया, देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रमुख शूटिंग शेड्यूल पूरा करने के बाद, पुष्पा- द रूल के निर्माता कल से अपना नया शेड्यूल शुरू करेंगे। जबकि नए शेड्यूल के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है, अल्लू अर्जुन और अन्य कलाकार कल से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्र ने आगे बताया, दिलचस्प बात यह है कि खबर मिली है कि कास्ट हैदराबाद में रामोजी राव फिल्मसिटी में कुछ अहम सीन्स की शूटिंग करने जा रहे हैं, जहां पर विशाल सेट बनाए जा रहे हैं। क्योंकि यह एक सीक्वल है, इसलिए निर्माता फिल्म को दर्शकों के लिए शानदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपने सुपरस्टारडम के साथ अल्लू अर्जुन की लोगों पर, खासकर दुनिया भर में उनके प्रशंसकों पर मजबूत पकड़ है।



# सीता रामम की पहली सालगिरह पर मृणाल ने लिखा भावुक नोट

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर, जिन्हें हाल ही में स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 में देखा गया था, शनिवार को अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म सीता रामम की पहली सालगिरह मना रही हैं। फिल्म को दर्शकों से अपार प्यार और सराहना मिली, जिससे साउथ फिल्म इंडस्ट्री में मृणाल की पहचान को मजबूती मिली। शनिवार को, एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया, जिसमें फिल्म के शानदार पलों को कैद किया गया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, डियर ऑडियंस, यह मेरा पहला तेलुगु डेब्यू था और आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया, वह मेरे सपनों से परे है। आपने मुझे अपनी तेलुगु अम्माई के रूप में स्वीकार किया। प्यार की इस अविश्वसनीय और यादगार यात्रा को इतना खास बनाने के लिए धन्यवाद। मैं वादा करती हूं कि अगले कई सालों तक अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ आपका मनोरंजन करती रहूंगी। हनु राघवपुडी सीता का बेस्ट वर्जन लाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा, दुलकर सलमान, मैं इस बारे में बार-बार कह सकती हूं कि आपने मेरे लिए इस पूरे अनुभव को कितना यादगार बना दिया है (मैंने आपके लिए जो जन्मदिन की पोस्ट डाली है, उसे पढ़ें, वह आपको बताएगा कि ऐसा क्यों है)। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्म, जिसमें दुलकर सलमान और रश्मिका मंदाना भी थे, को तमिल और मलयालम में डब वर्जन के साथ तेलुगु में रिलीज किया गया था। सीता रामम की सफलता के बाद मृणाल ठाकुर को तेलुगु सिनेमा में दो और प्रोजेक्ट मिले हैं। इस बीच, एक्ट्रेस के पास तेलुगु फिल्म हाय नन्ना भी है।



# तारक मेहता के मेकर्स के खिलाफ शैलेश लोढ़ा ने जीता केस मिला 1 करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया पैसा

टीवी का पॉपुलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा बीते कुछ समय से विवादों में घिरा हुआ है। कई कलाकार शो छोड़कर चले गए हैं। पिछले साल तारक मेहता का किरदार निभाने वाले शैलेश लोढ़ा ने भी शो को अलविदा कह दिया था। इसके बाद शैलेश ने शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी और उनकी प्रोडक्शन कंपनी पर केस दर्ज किया था। शैलेश लोढ़ा ने बकाया राशि भुगतान नहीं ? किए जाने पर मेकर्स के खिलाफ केस किया था। वहीं अब इस मामले में आखिरकार शैलेश के पक्ष में फैसला आ गया है। शैलेश लोढ़ा ने अपना बकाया चुकाने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल से संपर्क किया और दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 9 के तहत मामले की सुनवाई हुई और वर्चुअल माध्यम से शैलेश लोढ़ा और असित मोदी के बीच समझौता हुआ। रिपोर्ट के अनुसार इस मुकदमें का फैसला इस साल मई में आया था। तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माता असित कुमार मोदी को शैलेश लोढ़ा को सेटलमेंट अमाउंट के रूप में 1,05,84,000 रुपए का भुगतान करना पड़ा। खबरों के अनुसार शैलेश लोढ़ा ने कहा, यह लड़ाई कभी भी पैसे को लेकर नहीं थी। यह न्याय और आत्मसम्मान की तलाश के बारे में था। मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने कोई लड़ाई जीत ली है और मुझे खुशी है कि सच्चाई की जीत हुई है। वह चाहते थे कि मैं अपना बकाया चुकाने के लिए कुछ कागजात पर साइन करूं। उनकी कुछ शर्तें थीं कि आप मीडिया से बात नहीं कर सकते और अन्य चीजें। मैं अपना पैसा पाने के लिए किसी कागजात पर साइन क्यों करूंगा? बता दें कि शैलेश लोढ़ा तारक मेहता शो से शुरुआत से जुड़े थे। उन्होंने अप्रैल 2022 में अचानक यह शो छोड़ दिया था। बताया जा रहा था कि शैलेश का शो के मेकर्स संग कुछ विवाद हो गया था। वे अपने रोल से खुश नहीं थे और कुछ नया करना चाहते थे।